नई दिल्ली

शनिवार, 6 अप्रैल 2024

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी+त्रयोदशी वर्ष : 27, अंक : 360
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 36
न्यून. 19

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




11 सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से हराया

haribhoomi.com

ओंकारेश्वर डैम के बैकवॉटर में एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना आकार ले रही

# एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट परियोजना लाइन का ट्रायल भी सफल, हफ्तेभर में मिलने लगेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मप्र के खंडवा जिले में स्थित ओंकारेश्वर डैम के बैकवॉटर में एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना आकार ले रही है।

यहां पानी पर तैरते सोलर पावर प्लांट की बिजली लाइन ट्रायल पूरा हो गया। इसके बाद यहां स्थित 100 मेगावाट क्षमता का पहला पानी पर तैरता ट्रांसफॉर्मर चार्ज होने के बाद ठीक से काम भी करने लगा है। सफल ट्रायल के बाद इससे केलवाखुर्द ग्राम के पास बैकवॉटर में स्थित एम्प कंपनी के पावर प्लांट तक सफलता पूर्वक बिजली सप्लाई पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि अब एम्प कंपनी के प्लांट में अन्य उपकरणों की टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने की प्रोसेस की जा रही है, जिसके बाद पहले चरण में संभवतः अगले दो से तीन दिनों में यहां से करीब 50 मेगावॉट बिजली का उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

बता दें कि यहां से खंडवा जिले के छैगांव माखन ग्रिड तक बिजली पहुंचाई जाना है। जहां से एमपीपीएमसीएल के माध्यम से प्रदेश के जिन स्थानों पर जरूरत होगी वहां इस प्लांट से बनने वाली बिजली की सप्लाई की जाएगी।

## यहां स्थित 100 मेगावाट क्षमता का पहला पानी पर तैरता ट्रांसफॉर्मर चार्ज होने के बाद ठीक से काम भी करने लगा

### माह के अंत तक तीसरा ट्रांसफार्मर भी स्थापित होगा

अच्छी खबर


इस विशाल फ्लोटिंग सोलर पैनल परियोजना के इंजीनियरों के अनुसार यहां के पहले ट्रांसफॉर्मर का ट्रायल हो चुका है तो वहीं दूसरे ट्रांसफॉर्मर की टेस्टिंग भी पूर्ण कर ली गई है, और अब इसे आने वाले दिनों में चार्ज किया जाएगा। इसके साथ ही यहां परियोजना से जुड़ा तीसरा ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित किया जा रहा है, जो कि इसी माह के अंत तक यह काम भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्रदेश को सोलर पावर से बिजली मिलना शुरू हो जाएगी।



### अधिकारियों का दावा

### अगले सप्ताह से उत्पादन शुरू होने की संभावना

*खंडवा अपर कलेक्टर काशीराम बडोले ने बताया कि एशिया के सबसे बड़े पानी पर तैरते सोलर पावर प्लांट की टेस्टिंग चल रही है। कुल मिलाकर 100 मेगावॉट बिजली उत्पादन का उद्देश्य है। उम्मीद है यह अगले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। शुरुआत की टेस्टिंग में 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।*






## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 'घोषणा पत्र' में 25 गारंटियां जनता को दी

# रोजगार पर फोकस और जातीय जनगणना का वादा भाजपा ने कहा घोषणापत्र 'झूठ और भ्रम का पुलिंदा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है, इसे 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है। पार्टी के इस घोषणा पत्र को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने मिलकर जारी किया। कांग्रेस ने 25 गारंटियां इस घोषणा पत्र के माध्यम से जनता को दी हैं। अगर पार्टी लोकसभा चुनाव जीतती है तो इस गारंटियों को पूरा करने का वादा कांग्रेस पार्टी ने जनता से किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है। कांग्रेस का यह घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटियों- युवा न्याय 'गारंटी', नारी न्याय 'गारंटी', किसान न्याय 'गारंटी', श्रमिक न्याय 'गारंटी', हिस्सेदारी न्याय 'गारंटी' पर आधारित है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की मदद देने का वादा किया गया है। वहीं साल 2025 में महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा भी कांग्रेस ने जनता से किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र काम, धन और कल्याण, इन तीन शब्दों पर आधारित है। काम का मतलब आपको नौकरी देना है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

### कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि वो सत्ता में आने पर केंद्र की सरकारी नौकरियों में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरेगी

कांग्रेस का यह घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटियों-युवा न्याय 'गारंटी', नारी न्याय 'गारंटी', किसान न्याय 'गारंटी', श्रमिक न्याय 'गारंटी', हिस्सेदारी न्याय 'गारंटी' पर आधारित।




### घोषणा पत्र मतदाताओं में भ्रम उत्पन्न करने के लिए तैयार किया गया

कांग्रेस के 48 पन्ने के इस न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। भाजपा ने घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' बताया है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा है कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो को मतदाताओं में भ्रम उत्पन्न करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा है कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के अपने पहले के घोषणापत्रों में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा है कोविड महामारी को छोड़कर भाजपा शासन में मुद्रास्फीति सबसे कम और विकास दर उच्चतम रही है।




### राहुल के पसंदीदा थाईलैंड की तस्वीर पर भी घेरा

न्याय पत्र की खामियों को उजागर करते हुए भाजपा के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इसमें न्यूयॉर्क और थाईलैंड की तस्वीरों को शामिल किया गया है। यह दिखाता है कि वे कितने गंभीर हैं। भाजपा नेता ने कहा कि वे अपने चुनावी वादों को तैयार करने में गंभीर नहीं हैं यह सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अतीत में कथित रूप से अन्याय के बावजूद इसे 'न्याय पत्र' नाम दिया था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में कौन-कौन से वादे?

- लद्दाख में यथास्थिति बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा
- महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन
- पीएसयू और सरकारी नौकरियों में कॉन्ट्रैक्चुअल नौकरियों को खत्म कर स्थायी करेंगे
- निजी शिक्षा संस्थानों में एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग को आरक्षण देंगे
- छात्रों को जाति के आधार पर किसी भी तरह के उत्पीड़न से बचाने के लिए रोहित वेमुला अधिनियम लाएंगे
- वरिष्ठ नागरिकों, विंडोज़ और विकलांग पेंशन को बढ़ाकर 1,000 रुपए महीना किया जाएगा
- डाइग्नोसिस, सर्जरी और दवाओं समेत मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और सार्वजनिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इंडिया गठबंधन को लगा तगड़ा झटका



नामांकन निरस्त होने के बाद मीरा यादव अपने पति के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं।

# खजुराहो सीट से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र में हस्ताक्षर नहीं हैं, दूसरा कारण वोटरलिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी नहीं लगाई गई। जिसे गंभीर त्रुटि माना गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कांग्रेस-सपा गठबंधन को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में ही तगड़ा झटका लगा है। खजुराहो लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

इसी सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी चुनाव लड़ रहे हैं। पन्ना जिले के कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश कुमार ने निरस्त करने की दो वजह बताई है। एक तो नामांकन पत्र में हस्ताक्षर नहीं है, दूसरा कारण वोटरलिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी नहीं लगाई गई है। सपा के अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने पर हंगामा मच गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लोकतंत्र की ▶▶ शेष पेज 5 पर

कोई भी प्रत्याशी एक से लेकर चार नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। निर्दलीय भी ऐसा करता है। किंतु खजुराहो सीट पर सपा प्रत्याशी ने महज एक ही नामांकन पत्र दाखिल किया था। उसमें भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र में एक ही जगह पर हस्ताक्षर था। वोटर लिस्ट की सत्यापित कॉपी भी नहीं थी। यह तकनीकी रूप से नामांकन करने वाले प्रत्याशी को पता होता है। त्रुटिपूर्ण नामांकन स्वीकार करने का नियम नहीं है। इस वजह से निरस्त किया गया है।

अनुपम राजन
सीईओ, मप्र चुनाव आयोग

## खबर संक्षेप

### रायपुर में बम की तरह ब्लास्ट हुए ट्रांसफार्मर

**रायपुर।** छग के रायपुर में शुक्रवार की दोपहर भीषण आग लग गई। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है, यहां बिजली विभाग के सब-डिविजन ऑफिस में ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। ट्रांसफार्मर के तेल और केमिकल में ब्लास्ट होने से यह आग दूसरी जगहों पर फैल गई है। यहां रखे 1500 जलकर खाक हो गए हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीमें आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।



### पूर्व सीएम लालू यादव के खिलाफ वारंट जारी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के एमपी एमएलए कोर्ट ने बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया है। ग्वालियर कोर्ट ने यह वांरट आर्म्स एक्ट के मामले में जारी किया है। साल 1995 और 1997 में फर्जी फॉर्म नंबर 16 को तैयार कर हथियारों की सप्लाई के मामले में गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। यहां फर्जीवाड़ा 23 अगस्त 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच किया गया था। मामले में लालू सहित 23 आरोपी शामिल हैं।



## भाजपा का स्थापना दिवस आज

# देश में 10 लाख से ज्यादा बूथों पर विशेष कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज 6 अप्रैल को अपना 45वां स्थापना दिवस जोर-शोर से मनाने की तैयारी में है। इसके लिए देशभर में विशेष तैयारियां की गई हैं। इस मौके पर पार्टी 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के नारे के साथ देश भर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। पार्टी बूथ स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों खासकर लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएगी। पार्टी अपने पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेगी। कार्यकर्ताओ अपने घरों पर झंडा फहराएंगे।

इसके साथ ही पार्टी 6 अप्रैल को देशभर में बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विपक्षी दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल करा कर एक नया रिकॉर्ड बनाने की भी तैयारी कर रही है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

# पत्नी का बार-बार घर छोड़कर जाना मानसिक क्रूरता, ये तलाक का आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में पत्नी के पति के घर को बार-बार छोड़कर जाने को मानसिक क्रूरता बताया है। कोर्ट ने इसे तलाक का आधार माना। पति का आरोप था कि पत्नी 7 मौकों पर उसे छोड़कर गई। मामला पहले फैमिली कोर्ट में गया था, जहां अदालत ने तलाक देने से मना कर दिया था।

- 19 साल बाद अलग हुए दंपती




हाईकोर्ट की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने पाया कि दोनों की शादी को 19 साल हो चुके हैं, जिसमें 3 से 10 महीने में अलग होने के 7 प्रयास हुए। कोर्ट ने ये भी माना कि पत्नी का शादी के रिश्ते को जारी रखने का कोई इरादा नहीं था। पत्नी ने अपने पति ▶▶ शेष पेज 5 पर

# आदिगुरु शंकराचार्य प्रोजेक्ट का किया अवलोकन



आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने ओंकारेश्वर के किए दर्शन

**खंडवा।** जिले की धार्मिक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में गुरुवार देर शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। उन्होंने ॐकार पर्वत पर आकार ले रही निर्माणाधीन आदिगुरु शंकराचार्य की स्टेच्यू ऑफ वननेस की प्रतिमा का अवलोकन किया। साथ ही एकात्मकता के इस प्रोजेक्ट के विषय में वहां मौजूद अधिकारियों और इंजीनियरों से जानकारी भी ली। इसके बाद संघ प्रमुख ओंकारेश्वर के बिल्लोरा स्थित श्रीश्री आश्रम पहुंचे, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भोजशाला एएसआई सर्वे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

# सुप्रीम कोर्ट बोलाः पहले मप्र हाईकोर्ट जाएं याचिकाकर्ता ने वापस ली अपनी याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भोजशाला एएसआई सर्वे से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपनी याचिका के साथ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जाएं। जानकारी दे दें कि यह याचिका कमाल मौला मस्जिद के मुतवल्ली (कार्यवाहक) काजी मोइनुद्दीन ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। हालांकि ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पहले भी कर चुका इनकार

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार को भी भोजशाला के एएसआई सर्वे कराने वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर चुका है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि उसकी इजाजत के बिना सर्वे के रिजल्ट्स के आधार पर कोई भी कार्रवाई नहीं की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आरबीआई का बड़ा ऐलान

आरबीआई अगर यूपीआई से नकदी जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराता है, तो आपको जेब में कार्ड रखने की समस्या से आजादी मिल सकती है। इससे एटीएम कार्ड रखने, खोने या बनवाने की समस्या भी दूर हो जाएगी।

## आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान किया ऐलान


# अब यूपीआई के जरिए कर सकेंगे कैश डिपॉजिट लोगों को एटीएम कार्ड रखने की नहीं पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई से अब ऑनलाइन कैश ट्रांसफर के साथ ही कई अन्य नए फिचर भी मिलने वाले हैं। दरअसल, अब आप जल्द ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के ▶▶ शेष पेज 5 पर

- रेपो रेट में बदलाव नहीं जीडीपी 7 % रहने का अनुमान

### जल्द ही जारी होंगे दिशा-निर्देश



आरबीआई गवर्नर ने कहा कि आरबीआई इन उपायों के बारे में जल्द ही दिशा-निर्देश जारी करेगा। उन्होंने यह कदम ग्राहकों के लिए चीजें सुगम और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। इसके अलावा प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एटीएम कार्ड रखने से मिलेगी आजादी

वहीं आरबीआई अगर यूपीआई से नकदी जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराता है, तो आपको जेब में कार्ड रखने की समस्या से आजादी मिल सकती है। इससे एटीएम कार्ड रखने, खोने या बनवाने की समस्या भी दूर हो जाएगी। इसके साथ ही अगर आपका एटीएम कार्ड चोरी भी हो जाता है, तो उसे ▶▶ शेष पेज 5 पर

# हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर के कोचिंग केंद्रों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

## जांच दल में वकीलों और दमकल सेवा के अधिकारियों को किया गया शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने वकीलों और दमकल सेवा के अधिकारियों के एक दल से मुखर्जी नगर इलाके में चल रहे कोचिंग केंद्रों का निरीक्षण कराने का शुक्रवार को निर्देश देते हुए उनकी स्थिति और सुरक्षा के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींद्र डुडेजा की पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी इलाके में कोचिंग केंद्रों की कुल संख्या बताते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। अदालत का आदेश इलाके में चल रहे कोचिंग केंद्रों के संचालन से जुड़े कई मामलों पर आया है। इसमें जून 2023 में एक कोचिंग केंद्र में लगी आग की घटना पर अदालत द्वारा




स्वतः संज्ञान लेने के बाद दर्ज एक मुकदमा भी शामिल है। सुनवाई के दौरान एमसीडी के वकील ने अदालत को बताया कि लागू नियमों का अनुपालन न करने के लिए छह कोचिंग केंद्रों को सील कर दिया गया है और अन्य उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। अदालत को यह भी सूचना दी गयी कि करीब 21 केंद्र खुद बंद कर दिए गए और 20 से अधिक कोचिंग केंद्रों को सील करने का नोटिस भेजा गया है। न्याय मित्र वकील गौतम नारायणन ने कहा कि हालांकि कुछ कोचिंग केंद्रों ने अपना संचालन बंद कर दिया है, लेकिन उनके स्थान पर नए केंद्र खोले जा सकते हैं। पीठ ने कहा कि इसे देखते हुए, हम एमसीडी को मुखर्जी नगर में आज की तारीख तक संचालित हो रहे कोचिंग केंद्रों की कुल संख्या बताते हुए एक नयी स्थिति रिपोर्ट जमा कराने का निर्देश देते हैं। उसने कहा कि हम साथ ही एक निर्दलीय दल भी गठित करते हैं जिसका नेतृत्व न्याय मित्र गौतम नारायण करेंगे और जो स्वतंत्र रूप से इलाके का निरीक्षण करेगा तथा वहां संचालित कोचिंग केंद्रों पर एक रिपोर्ट जमा करेंगे और यह बताएंगे कि उनमें से कितने केंद्र लागू नियमों का अनुपालन कर रहे हैं।

### तीन सप्ताह बाद सुनवाई

अदालत ने दिल्ली प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को इस कवायद में नारायण की मदद करने के लिए पांच वकीलों को नामांकित करने के लिए कहा। अदालत ने कहा कि हम दिल्ली दमकल सेवा को इलाके में एक स्वतंत्र निरीक्षण कराने और उन कोचिंग केंद्रों पर एक रिपोर्ट जमा कराने का निर्देश देते हैं जो नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की। अदालत ने कहा कि वह उस दिन 'कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका पर भी सुनवाई करेगी जिसमें उसने 'शैक्षणिक भवनों' की परिभाषा में कोचिंग केंद्रों को शामिल किए जाने का विरोध किया गया है जिसके लिए उन्हें अग्नि सुरक्षा के लिए कुछ विशेष उपाय करने की आवश्यकता है। फेडरेशन के वकील ने कहा कि कोचिंग केंद्र चाहते हैं कि बच्चे सुरक्षित हों लेकिन उन्हें 'शैक्षणिक संस्थान' के रूप में शामिल करना मनमाना है।

# ग्रीन हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों पर एक घंटे के भीतर कार्रवाई हो : हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को शहर के अधिकारियों से पूछा कि पेड़ों को नुकसान के संबंध में 'ग्रीन हेल्पलाइन' पर की गई शिकायतों पर अधिकतम कितने समय में कार्रवाई की जाती है। अदालत ने कहा कि 'ग्रीन हेल्पलाइन' पर की गई शिकायतों पर एक घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि देरी से की गई कार्रवाई पेड़ों के संरक्षण के लिए शहर में लागू मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के उद्देश्य को विफल कर देगी क्योंकि ऐसे मामलों में नुकसान की भरपाई नहीं की जा



सकती है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि हम जो बात कहना चाह रहे हैं वह यह है कि जब तक त्वरित प्रतिक्रिया टीम दो-तीन दिन बाद आती है, तब तक क्षति की भरपाई नहीं हो पाती है। इस संबंध में कार्रवाई अधिकतम 15 मिनट से एक घंटे के भीतर की जानी चाहिए।' अदालत एसओपी के कार्यान्वयन और हेल्पलाइन के संचालन से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान, दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि वन विभाग की हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश हुए वकील आदित्य एन. प्रसाद ने दावा किया कि हेल्पलाइन सक्रिय नहीं है और शिकायत करने के बाद अधिकारियों द्वारा कोई 'त्वरित कार्रवाई' नहीं की जाती है। अदालत ने कहा कि आप मुझे वह अधिकतम अवधि बताएं जिसके भीतर शिकायत का निपटारा किया जाएगा। सरकारी वकील ने कहा कि शिकायतों का निपटारा उसी दिन कर दिया जाता है। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

## भाजपा नेता की याचिका पर यूट्यूब चैनल, सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से नोएडा की एक अदालत में हुई बदसलूकी की घटना के संबंध में उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर कई यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मामले में अन्य पक्षों को सुने बिना आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत की याचिका पर 13 प्रतिवादी यूट्यूब चैनल और 'एक्स' हैंडल को नोटिस जारी किया।

### आठ को होगी सुनवाई

अदालत ने मानहानि मुकदमे पर समन जारी किया और मामले को आठ अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। हाईकोर्ट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल को भी नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि जो भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। अदालत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी घटना का संज्ञान लिया है। भाटिया ने वकील राघव अवस्थी और मुकेश शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में 'एक्स' व यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियों को लेकर 13 प्रतिवादियों को यह निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है कि वे अपनी टिप्पणियों को लेकर दो करोड़ रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति करें। उन्होंने भाटिया के खिलाफ कोई भी मानहानिकारक आरोप प्रसारित करने पर प्रतिवादियों को स्थायी रोक का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया। भाटिया के वकीलों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले का स्वतः संज्ञान लिए जाने के बावजूद वीडियो में निराधार आरोप लगाए गए हैं। वकीलों ने यह भी कहा कि एक वीडियो में हिंसा को उचित ठहराया गया है और इस तरह के वीडियो से वकीलों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है।

## तीन पिस्टल व एक दर्जन कारतूस के साथ दो स्कूटी बरामद

# लॉरेंस गैंग का शूटर पूर्व बॉक्सिंग प्लेयर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने लॉरेंस गैंग के शूटर व पूर्व राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग खिलाड़ी को गिरफ्तार किया है। इस पर कीर्ति नगर और फर्श बाजार क्षेत्र में व्यवसायियों पर गोलीबारी की दो घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

आरोपी इसके अलावा भी दिल्ली में हत्या और हत्या के प्रयास के दो मामलों में शामिल रहा था। इसके पास से तीन पिस्टल, एक रिवॉल्वर और एक दर्जन कारतूस के साथ दो स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी शूटर दुबई में बैठे आशीष उर्फ कालू (बर्खास्त कांस्टेबल) का करीबी बताया जाता है। लॉरेंस गैंग के साथ हासिम बाबा, रोहित गोदारा और काला जठेड़ी गैंग का भी गठजोड़ है। पुलिस के अनुसार हत्थे चढ़े



शूटर का नाम अभिनव वर्मा उर्फ बॉक्सर पुत्र अशोक वर्मा निवासी गुरु नानक नगर, विकासपुरी है। 18 दिसंबर 2023 को कीर्ति नगर क्षेत्र में गोलीबारी की वारदात सामने आई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए दिल्ली पुलिस की कई टीमें केस पर काम कर रही थी। स्पेशल सेल, दक्षिणी रेंज की टीम ने भी उक्त मामले पर काम करना शुरू किया और प्रयास तब सफल हुए जब उन्हें पता चला कि एक कुख्यात अपराधी अभिनव वर्मा वारदात में शामिल था। आखिर में टीम को एक विशेष इनपुट प्राप्त हुआ और डीडीए स्पोर्ट्स पार्क, सेक्टर- 3, रोहिणी के पास से इस बदमाश को पकड़ लिया गया। वर्मा शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। 2012 में इसे पश्चिम विहार के अपने दोस्त की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मामले में वह छळ साल तक जेल में रहा और हासिम बाबा और उसके करीबी आशीष उर्फ कालू (बर्खास्त सिपाही) के संपर्क में आकर उनके गिरोह में शामिल हो गया। जमानत पर बाहर आने के बाद वह गिरोह के लिए काम करने लगा। वह कुछ एप आधारित नंबरों के माध्यम से मुख्य सरगनाओं और उनके सहयोगियों के संपर्क में रहता था। यह 2021 में फिर से मंगोलपुरी के मामले में जेल गया। इस बार यह एक साल में जेल से बाहर आया। पूछताछ में यह भी पता चला कि आशीष उर्फ कालू दुबई से गोल्डी बराड़ व लॉरेंस बिश्नोई गिरोह चला रहा है।

## हत्या व डकैती मामला: उम्रकैद के बाद पैरोल जंप करने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आजीवन कारावास की सजा पाने के बाद पैरोज जंप करने वाले बदमाश को क्राइम ब्रांच ने फिर से अरेस्ट कर लिया है। इस पर दिल्ली में एक हत्या और हरियाणा के सोनीपत में अपहरण और डकैती के केस दर्ज थे। गिरफ्तार किये गये बदमाश का नाम योगेश (38) उर्फ राहुल निवासी नरेला है। पुलिस के अनुसार 2006 में आईपीसी की धारा 302/394/397/120बी/34 के तहत चांदनी चौक थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोपी अजय को गिरफ्तार भी कर लिया गया था। लेकिन वह पैरोल पर छूट गया और पिछले तीन वर्षों से छिप रहा था। इस अवधि के दौरान वह दिल्ली में चोरी और मानव तस्करी के दो अन्य मामलों में और हरियाणा के कुंडली में बंदूक की नोक पर अपहरण और डकैती के एक मामले में शामिल रहा। चांदनी चौक केस में कपड़े के व्यापारी की डकैती के दौरान हत्या की गई थी। मामले में योगेश और श्री भगवान उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के बाद दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 30 जून 2020 को योगेश को अपने परिवार की देखभाल करने और कोविड-19 महामारी की स्थिति में धन की व्यवस्था करने के लिए एक महीने की अवधि के लिए पैरोल पर रिहा किया गया था। लेकिन पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी इसने सरेंडर नहीं किया था। आरोपी 13 साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है। इसी साल 18 मार्च को ट्रेन से गिरकर इसका दाहिना पैर भी कट चुका है।

## नकली नोट मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि नकली मुद्रा का प्रचलन अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है तथा अदालतों को ऐसे मामलों से सख्ती से निपटना चाहिए। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी उस व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए की जिसके घर से कथित तौर पर तीन लाख रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नकली नोट बरामद हुए थे। अदालत ने आरोपी को राहत देने से इनकार करते हुए अपराध की गंभीरता और उसके घर तथा दुकान से की गई बरामदगी पर गौर किया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि नकली नोटों की आपूर्ति एवं प्रसार अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए, अदालतों के लिए ऐसे मामलों से सख्ती से निपटना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अदालत इस स्तर पर आरोपी व्यक्ति को जमानत देने की इच्छुक नहीं है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी इरशाद को 22 जून, 2023 को उत्तर प्रदेश के कैराना स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया था और उसके घर से 2,000 रुपये के 150 नकली नोट बरामद किए गए थे।

## निहाल विहार इलाके की घटना

# पत्नी और बेटी की हत्या कर शख्स फंदे से झूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी जिले के निहाल विहार में शुक्रवार सुबह एक घर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। दो की हत्या धारदार हथियार से की गई थी जबकि एक फंटे से लटका हुआ था। पुलिस का कहना है कि अजय (42) नामक शख्स ने फांसी लगाने से पहले पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की हत्या की है। उसके इस कदम के पीछे क्या कारण रहे इसका पता लगाने के लिये परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार घर में तीन लाशें मिलने की सूचना सुबह करीब साढ़े नौ बजे निहाल विहार पुलिस को मिली। पुलिस आरजेडई 136, गली नंबर 5, पहुंची। मकान की मालिक ने बताया कि वह पहली मंजिल पर रहते है जबकि मृतक अजय शर्मा का परिवार ग्राउंड फ्लोर पर रहता था। एएसआई मदन ने घर के अंदर जाकर देखा तो अजय पुत्र



राम चंद्र पंखे पर लटका हुआ था। उसके शरीर पर खून लगा था। अजय की पत्नी टीना और बेटी बिस्तर पर खून से लथपथ हालत में पाई गई। उनकी हत्या किसी धारदार हथियार से की गई थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। कई सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। तहकीकात में पता चला कि मृतक हलवाई का काम करता था। उसका 22 साल का बेटा कुशल इलेक्ट्रीशियन है। बेटा काम के सिलसिले में बाहर गया था और सुबह लौटने पर उसने शव देखे। आगे की जांच जारी है।

## जेएनयू यौन उत्पीड़न मामला: सह-आरोपी ने कहा- सुनवाई से पहले ही मुझे दोषी घोषित कर दिया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्रा एवं यौन उत्पीड़न मामले में एकमात्र महिला सह-आरोपी ने आरोप लगाया है कि विद्यार्थियों द्वारा उसे बेवजह निशाना बनाये जाने से उसके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है।

मामले के खिलाफ पीड़िता एक अप्रैल से विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रही है। एक छात्रा ने कथित यौन उत्पीड़न

### वाजिब प्रक्रिया का पालन नहीं करने का लगाया आरोप

सह-आरोपी ने कहा कि मेरी सहमति के बिना मेरी तस्वीरें जारी की गईं, मेरी निजता और गरिमा को ठेस पहुंचाया गया। उसने आरोप लगाया कि निहित स्वार्थ वाले लोग छात्रों के बीच एकतरफा कहानी फैला रहे हैं। उसने कहा कि मुझे कानून की वाजिब प्रक्रिया का पालन किये बिना दोषी करार दिया जा रहा है।

की 31 मार्च को शिकायत की थी। उसने दो पूर्व विद्यार्थियों सहित चार लोगों के खिलाफ शिकायत करते हुए विश्वविद्यालय से कार्रवाई किये जाने की मांग की थी। महिला सह-आरोपी ने कहा कि उसे पहले ही 'दोषी' घोषित कर दिया गया है और सार्वजनिक रूप से उसकी तस्वीरों का प्रसार कर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जबकि जांच अभी जारी है। उसने कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाये जाने और उसके बाद सार्वजनिक रूप से मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाए जाने से मेरा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है। मुझे बेवजह निशाना बनाया गया और जेएनयू समुदाय की नजरों में अपमानित किया गया।

# दिल्ली खंड में आरआरटीएस के 'वायाडक्ट' का निर्माण अप्रैल के अंत तक पूरा होने की संभावना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली खंड में 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' के तहत 'वायाडक्ट' का निर्माण अप्रैल के अंत तक पूरा होने की संभावना है। 'वायाडक्ट' एक विशेष प्रकार का पुल होता है। इससे मुख्य रूप से रेल और सड़क यातायात के लिए क्षेत्र के उन दो बिंदुओं को जोड़ा जाता है जिनकी ऊंचाई समान होती है।

अधिकारियों ने यहां बताया कि न्यू अशोक नगर-साहिबाबाद खंड पर 'इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन' और सिग्नल कार्य के साथ-साथ ट्रैक बिछाने का काम जारी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली खंड में इस साल के अंत तक काम पूरा होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली और साहिबाबाद के बीच परीक्षण का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली खंड में



आरआरटीएस के 'वायाडक्ट' का निर्माण पूरा होने वाला है। एक अधिकारी ने कहा, ''दिल्ली खंड में इस विशेष पुल का 500 मीटर से भी कम हिस्सा अब निर्माण के लिए बचा है, जिसे इस महीने के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। दिल्ली खंड लगभग 14 किलोमीटर लंबा है जिसमें लगभग नौ किलोमीटर ऊंचा खंड और पांच किलोमीटर भूमिगत खंड शामिल हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि लगभग पांच किलोमीटर के पूरे भूमिगत खंड के अलावा करीब आठ किलोमीटर तक 'वायाडक्ट' का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार (भूमिगत) के तीन मुख्य स्टेशन का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने बताया कि सराय काले खां स्टेशन को अन्य परिवहन साधनों, जैसे वीर हकीकत राय आईएसबीटी, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और दिल्ली मेट्रो पिंक लाइन के साथ जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरआरटीएस स्टेशन को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए 280 मीटर लंबा फुट ओवरब्रिज (एफओबी) बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन 90 मीटर लंबे एफओबी के साथ अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि आवागमन की सुविधा के लिए दो और एफओबी निर्माणाधीन हैं।

## साइबर ठगी: आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने लाखों की चीटिंग के आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सूरज बताया गया है। वह साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार इसके पास से आठ फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुये है। इसके खिलाफ पंजाबी बाग में रहने वाले करण सलूजा ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता को प्राइवेट बैंक के एप के जरिये लाखों का चूना लगाया गया था। उन्हें हाई रिटर्न का प्रलोभन दिया गया था। इसके बाद



उन्होंने एक बैंक के तीन अलग-अलग अकाउंट में 11 लाख रुपए ट्रांसफर किये थे। पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू की तो पता चला कि फर्जी कागजातों के आधार पर कई बैंक खाते खोले गये थे। इनमें कुछ खाते फरीदाबाद में भी खोले गये थे। पुलिस को इसके पांच खातों के बारे में पता चला है। इस तरह के फर्जीवाड़े की 10 शिकायत अभी तक सामने आई हैं। इसके खातों में चार महीने के भीतर करीब 30 लाख रुपए क्रेडिट हुए थे। पुलिस इस गोरखधंधे में शामिल इसके साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/286

मनकि पवन पुत्र रामकिशन पुत्र प्रह्लाद, निवासी एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 490/413, खाता न0 557, मु0 न0 28, किला न0 22/1(6–10), मु0 न0 29, किला न0 21/2(3–16), मु0 न0 42, किला न0 1/1(5–7), मु0न0 43, किला न0 4/2(4–4), 5/2(1–1), 6/1/2(6–11), किते 6, तादादी रकबा 27 कनाल 9 मरले का 182/545 भाग, बकदर 9 कनाल 3 मरले 3 सरसाई का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 61/549 भाग, बकदर 3 कनाल 1 मरला (0.38125 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्किल को मु0 न0 42, किला न0 1/1 मिन उत्तर (3–1), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 1 मरला (0.38125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

9619

मनकि पवन पुत्र रामकिशन पुत्र प्रहलाद, निवासी एवं बिस्वेदार गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 490/413, खाता न0 557, मु0 न0 28, किला न0 22/1(6–10), मु0 न0 29, किला न0 21/2(3–16), मु0 न0 42, किला न0 1/1(5–7), मु0न0 43, किला न0 4/2(4–4), 5/2(1–1), 6/1/2(6–11), किते 6, तादादी रकबा 27 कनाल 9 मरले का 182/545 भाग, बकदर 9 कनाल 3 मरले 3 सरसाई का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 46/549 भाग, बकदर 2 कनाल 6 मरले (0.2875 एकड़) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 42, किला न0 1/1 मिन दक्षिण (2–6), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 6 मरले (0.2875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.04.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## फरार बदमाश धरा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने डकैती, हत्या और दुष्कर्म के मुकदमों में फरार एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा (नोएडा इकाई) ने बताया कि बदमाश नोएडा में भेष बदलकर रह रहा था और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

## 12 हजार रुपये का चालान और गिरफ्तार किया गया शख्स

# टिंटेड ग्लास वाली कार से स्टंट करना पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के शास्त्री पार्क इलाके में सड़क पर स्टंट के दौरान खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाकर यातायात को बाधित करने और जेड-ब्लैक टिंटेड ग्लास लगाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी कार का 12 हजार का चालान भी किया गया है। आरोपी शख्स ने प्रसिद्ध होने के लिए रील्स बनाकर वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। डीसीपी जॉय टिर्की के



अनुसार एक्स पर वायरल 'स्टंट ड्राइविंग के वीडियो' पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अंशुल चौधरी (22) पुत्र मनोज चौधरी निवासी ग्राम हसनपुर भोवापुर, कौशांबी, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लगभग 12 हजार का चालान किया गया है। यह वाक्या तीन अप्रैल का था जब टिंटेड ग्लास वाली एक ब्लैक महिंद्रा स्कॉर्पियो कार व्यस्त सड़क पर खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो में दिखी थी। कार पर फैंसी पंजीकरण नंबर प्लेट भी लगी थी।

# एलजी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखा पत्र, कोर्ट को गुमराह कर आप सरकार कर रही है छवि खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को लेकर राजनिवास सचिवालय की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्रालय को शिकायती पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली सरकार कोर्ट को गुमराह करते हुए साजिश के तहत महामहिम की छवि खराब कर रही है। राजनिवास द्वारा गृह मंत्रालय को पांच पेज के पत्र में विस्तार से दिल्ली सरकार द्वारा एलजी को लेकर कोर्ट में दी जा रही दलीलों व अन्य के बारे में बताया गया है। सूत्रों के अनुसार एलजी सचिवालय ने



पत्र में लिखा है कि दिल्ली सरकार अदालत को गुमराह करके न्याय प्रणाली को प्रभावित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। बकायदा पत्र में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के विभिन्न मामलों का हवाला देते हुए दिल्ली सरकार पर संवैधानिक प्रक्रियाओं के उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। सचिवालय ने लिखा है कि हाल ही में कोर्ट को गुमराह करने के

### सक्सेना ने दी श्वेत पत्र लाने की नसीहत

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की खस्ता हालत और मरीजों की अनेदखी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को सख्त नाराजगी भरा लिख नसीहत के अलावा श्वेत पत्र लाने का सुझाव भी दिया है। उपराज्यपाल सक्सेना ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में पत्र लिखा है। पत्र में एलजी ने दिल्ली सरकार के हेडगेवार आरोग्य संस्थान तथा चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के चलते मरीजों को हो रही परेशानी को उठाया।

ठोस प्रयास किए गए। पत्र में आरोप लगाए गए है कि यह सब दिल्ली सरकार जानबूझकर अदालत को गुमराह करने के लिए एलजी पर आरोप लगा रही है। सरकार संवैधानिक कार्यालय को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। पत्र में दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं, हाई कोर्ट और जिला अदालत के बुनियादी ढांचे से संबंधित मामलों का जिक्र किया गया है।

# उपराज्यपाल दिल्लीवालों के स्वास्थ्य के साथ राजनीति न करें, बल्कि उचित कार्रवाई करें : सौरभ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर पलटवार करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि एलजी दिल्लीवालों के स्वास्थ्य के साथ राजनीति न करें, बल्कि उचित कार्रवाई करें। वहीं स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी से छह प्रश्न भी पूछे हैं। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी के संज्ञान में लाया कि केवल एलजी या गृह मंत्रालय ही मुख्य सचिव और




स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ जांच शुरू कर सकते हैं। एनसीसीएसए का हिस्सा होने के कारण मुख्य सचिव खुद से जुड़े मामलों में स्वयं फैसला नहीं कर सकते। सौरभ ने

- दिल्ली के उपराज्यपाल के पत्र पर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ का पलटवार

एलजी से अपील की है कि मंत्री के साथ वो दिल्ली सरकार के कुछ अस्पतालों का निरीक्षण करें। अस्पतालों का दौरा करने से उनको यह पता चल जायेगा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अधिकांश मरीज भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश और हरियाणा से आते हैं। सौरभ ने कई मीडिया रिपोर्ट्स को साझा कर एलजी ऑफिस के उस झूठ का पर्दाफाश भी किया है, जिसमे एलजी ऑफिस की तरफ से यह दावा किया गया है कि एलजी ने जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है कि सीएम के नेतृत्व वाले एनसीसीएसए ने उन जांचों का आदेश दिया है। मंत्री ने एलजी से हाथ जोड़कर विनती की है कि वो दिल्लीवालों के स्वास्थ्य के साथ राजनीति न करें, बल्कि उचित कार्रवाई करें।

## खबर संक्षेप

### सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को तिहाड़ जेल से एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने अपनी स्थिति की तुलना स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ अंग्रेजों द्वारा किए गए अत्याचारों से की है और शिक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने लिखे पत्र में यह उम्मीद भी जतायी कि वह जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने 15 मार्च को लिखे पत्र में कहा कि जल्द ही आपसे बाहर मिलूंगा। अंग्रेज शासकों को भी सत्ता का अहंकार था और उन्होंने लोगों को झूठे मामलों में जेल भेजा था। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला उनकी प्रेरणा हैं, जिन्होंने कई साल जेल में बिताए। सिसोदिया की जमानत पर आज शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में सुनवायी होनी है। पूर्वी दिल्ली में अपने विधानसभा क्षेत्र पटपड़गंज के लोगों को लिखे पत्र में सिसोदिया ने कहा कि अच्छी शिक्षा और विद्यालयों के लिए उसी तरह संघर्ष चल रहा है, जैसे लोगों ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था।

### सिसोदिया के पत्र पर आप ने नहीं दिखाया उत्साह : भाजपा

**नई दिल्ली।** यह आश्चर्यजनक है कि आम आदमी पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पत्र पर वह उत्साह नहीं दिखाया है जो पार्टी ने सोशल मीडिया या मीडिया में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाल के पत्रों पर दिखाया है। दिल्ली भाजपा सचिव हरीश खुराना और मीडिया विभाग प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने शुक्रवार को जेल से आने वाले मनीष सिसोदिया के लंबे समय बाद आए पत्र को लेकर यह बातें कही। दिल्ली भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि यह सिसोदिया की राजनीतिक मौजूदगी को साबित करने का प्रयास लगता है। पिछले दो हफ्तों से अरविंद केजरीवाल को पत्र भेजने का अद्भुत हीरो बना दिया गया है और जमानत पर रिहाई के बाद संजय सिंह को आम आदमी पार्टी के पोस्टर बॉय के रूप में उभारा गया है। ऐसा लगता है कि इसलिए मनीष सिसोदिया ने अपना खबरों के समय का हिस्सा पाने के लिए यह पत्र भेजा है। केजरीवाल, सिसोदिया और संजय सिंह के बीच वर्चस्व का एक युद्ध शुरू हो रहा है।

## कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद आतिशी ने साधा चुनाव आयोग पर निशाना

# क्या चुनाव आयोग है भाजपा का सहायक संगठन : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद चुनाव आयोग पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या यह भाजपा का सहायक संगठन है। आतिशी को यह नोटिस उनकी इस टिप्पणी पर जारी किया गया था कि भाजपा ने उनसे संपर्क कर उन्हें या तो पार्टी में शामिल होने या एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने के लिए कहा था। आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा कि गुलाब सिंह के घर आईटी रेड पर, दिल्ली पुलिस द्वारा आप पार्टी ऑफिस सील करने पर, भाजपा द्वारा आपत्तिजनक पोस्टर होर्डिंग्स लगाने पर बार-बार चिट्ठी लिखने के बाद भी चुनाव आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया। लेकिन ऐसा क्या है कि चुनाव आयोग आप की लगातार शिकायतों पर कोई एक्शन नहीं ले रहा पर भाजपा की शिकायत पर मात्र 12 घंटे में ही एक्शन ले लिया। आतिशी के चुनाव आयोग से सवाल पूछते हुए कहा कि ईडी मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट लगने के बाद एक सीटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार करती है।

क्या चुनाव आयोग इसपर ईडी को नोटिस भेजती है। जब इनकम टैक्स विभाग देश के एक बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक अकाउंट को सीज करती है तो क्या चुनाव आयोग इनकम टैक्स विभाग को नोटिस भेजती है। चुनाव आयोग देश में विपक्षी राज्यों सरकारों के, मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी का तबादला कर देती है। वही चुनावों तक इनकम टैक्स डिपार्टमेंट-ईडी-सीबीआई के डायरेक्टरों को बदलने के विपक्ष के मांग पर क्यों कुछ नहीं करती। उन्होंने कहा कि जिस चुनाव आयोग का काम देश में निष्पक्ष चुनाव करवाना है, आज उसकी निष्पक्षता पर बड़े सवाल उठ



### 'नोटिस मिलने से पहले ही चुनाव आयोग ने दे दी मीडिया को सूचना'

आप नेता आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मेरी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पर मुझे एक नोटिस भेजा। इस नोटिस का आधार भाजपा द्वारा 4 अप्रैल को की गई एक शिकायत है। 4 अप्रैल को भाजपा इलेक्शन कमीशन में शिकायत करती है। 5 अप्रैल को 11:15 बजे मीडिया में फ्लैश होता है कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी को नोटिस भेजा। और इसके आधा घंटा बाद 11:45 बजे मुझे ईमेल द्वारा नोटिस मिलता है। यानी चुनाव आयोग के नोटिस की खबर पहले ही मीडिया को दे दी, उसके बाद चुनाव आयोग नोटिस भेजता है।

- चुनाव आयोग आप की शिकायतों पर कोई एक्शन नहीं ले रहा लेकिन भाजपा की शिकायत पर मात्र 12 घंटे में ही ले लिया एक्शन

रहे हैं। आतिशी की चुनाव आयोग से अपील-आज देश की बड़ी-बड़े एजेंसियां भाजपा शासित केंद्र सरकार के आगे नतमस्तक हो गई है। यदि चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, ज्ञानेश कुमार और डॉ.सुखबीर संधू ने फ्री एंड फेयर इलेक्शन और समान अवसर सुनिश्चित नहीं होने दिया तो आने वाले समय में देश उन्हें गलत कारणों से याद करेगा।

### 'चुनाव आयोग के सामने केंद्र सरकार कर रही एजेंसियों का गलत इस्तेमाल'

आतिशी ने कहा कि चुनाव आयोग की आंखों के सामने भाजपा शासित केंद्र सरकार ईडी-सीबीआई-इनकम टैक्स का खुलेआम चुनाव से पहले गलत इस्तेमाल कर रही है। चुनाव आयोग देश में जहां विपक्ष की सरकारें है, वहां मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी का तबादला कर देती है लेकिन जब विपक्ष के नेता, इंडिया गठबंधन के नेता चुनाव आयोग के पास जाते है और ये मांग करते है कि चुनावों तक इनकम टैक्स डिपार्टमेंट-ईडी-सीबीआई के डायरेक्टरों को बदला जाये तो चुनाव आयोग कुछ नहीं करता।

### भाजपा के सामने नतमस्तक न हो चुनाव आयोग

आतिशी कहा कि आम आदमी पार्टी के ऑफिस के चारों ओर 4 दिन तक लगातार पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई। हमने दोबारा चुनाव आयोग की चिट्ठी भेजी की हमारे पार्टी ऑफिस को सील कर दिया गया है। हमारे नेता-कैंडिडेट पार्टी ऑफिस नहीं पहुंच पा रहे। लेकिन चुनाव आयोग ने न तो दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजा और न ही हमें मिलने का समय दिया। उसके बाद आम आदमी पार्टी ने चुनाव को भाजपा के अवैध होर्डिंग्स की शिकायत भेजी। हमने 29 मार्च, 1 अप्रैल और आज 5 अप्रैल को फिर से चुनाव आयोग को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चिट्ठी भेजी। लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक भाजपा को कोई नोटिस नहीं भेजा। आतिशी ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से अपील करना चाहती हूं कि, भाजपा के सामने नतमस्तक न हो। जिस तरह इतने सालों बाद भी पूरा देश टीएन शेषन को याद करता है, कि वो निष्पक्ष चुनावों को एक नई ऊंचाई तक लेकर गए। वैसे ही अगर आज राजीव कुमार, ज्ञानेश कुमार और डॉ.सुखबीर संधू फ्री एंड फेयर इलेक्शन और समान अवसर सुनिश्चित नहीं होने देंगे तो आने वाले समय में देश उन्हें गलत कारणों से याद करेगा।

# आप नेताओं में कौन बनेगा मुख्यमंत्री, इस बात की छटपटाहट और लगी हुई है होड़ : भाजपा



नई दिल्ली। आज सभी आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं में कौन बनेगा मुख्यमंत्री, इस बात की छटपटाहट है और मेरा नंबर कब आएगा यह सवाल है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी के साथ शुक्रवार एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कि कौन बनेगा मुख्यमंत्री इसकी चिंता है लेकिन किसी को दिल्ली का दर्द नहीं दिखता। संजय सिंह को यह समझना होगा कि जमानत से बाहर आना अपराध मुक्त होना नहीं है। केस अभी खत्म नहीं हुआ है और जांच अभी जारी है जिसमें और भी चेहरे बेनकाब होंगे इसलिए यह नौटंकी बंद करें और दिल्ली को लूटना बंद कीजिए। प्रेसवार्ता का संचालन कर रहे मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि पिछले तीन दिनों से पुरानी नौटंकी आम आदमी पार्टी के नेता नए तरीके से कर रहे हैं और वह लगातार लोगों की सहानुभूति लेने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं क्योंकि दिल्ली की जनता हकीकत समझ चुकी है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। सचदेवा और तिवारी ने कहा कि दिल्ली के अंदर अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा पिछले कुछ महीनों से जो नौटंकी का खेल चल रहा था उसका पर्दाफाश खुद संजय सिंह ने कर दिया। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी नौटंकी नम्बर वन है और "आप" नेता झूठ, लूट, धूर्तता एवं बेईमानी के पर्याय बन गये हैं। दिल्ली में केजरीवाल सरकार सिर्फ एक कलंक है क्योंकि सरकार के दावों के नाम पर सिर्फ झूठ बोला गया है। सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह को जब जमानत मिली तो वह अस्पताल में थे और वहां से वह तिहाड़ व्हील चेयर पर आए और जैसे ही जमानत मिली तुरंत कार की छत पर चढ़ गए और आज जब सहानुभूति लेनी थी तो फिर से व्हील चेयर पर आ गए। सचदेवा ने कहा कि जोर जोर से चिल्लाकर और मीडिया ट्रायल करके सच को झूठ नहीं बनाया जा सकता है। संजय सिंह सिर्फ इतना बताए कि शराब नीति जब बदली जा रही थी तो रात में रेस्टोरेंट ऑनर्स एसोसिएशन के लोगों के साथ बैठक की थी या नहीं और उनसे पैसे इकट्ठा किया गया था या नहीं। उन्होंने कहा कि तिहाड़ से संजय सिंह सीधे मुख्यमंत्री के आलीशान आवास में गए जबकि आम जनता के लिए वह कभी खुला ही नहीं।

### राजनीतिक और प्रशासनिक शिष्टाचार की सीमाओं को आतिशी ने किया पार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि शुक्रवार को मंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर उंगलियां उठाकर राजनीतिक और प्रशासनिक शिष्टाचार की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। राजनीतिक व्यवहार और उनके बार-बार संवैधानिक संस्थाओं पर हमलों से स्पष्ट होता है कि मंत्री आतिशी नक्सलवाद की पाठशाला का उत्पाद है। सचदेवा ने कहा है कि काश मंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग की ओर उंगलियां उठाने से पहले और चुनाव आयुक्तों को टी.एन. शेषन की याद दिलाने से पहले अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा होता कि वह मदन लाल खुराना के उदाहरण का अनुसरण करें जिन्होंने सिर्फ राजनीतिक रूप से प्रेरित डायरी मामले में नाम लिए जाने पर इस्तीफा दे दिया था जबकि आज के मुख्यमंत्री जेल जा कर भी इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं।

## मशाल जुलूस...



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय आप समर्थकों के साथ मशाल जुलूस निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

# संगठात्मक बैठक में भाजपा ने महर्षि कश्यप की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निगम पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष पार्टी संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिनका जनता से सीधा सम्बंध रहता है अतः आप अपने जन सम्पर्क का पूरा उपयोग चुनाव प्रचार में सकारात्मकता लाने में करें। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को दिल्ली भाजपा की बड़ी संगठात्मक बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली के प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने उक्त संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि चुनाव की बारीकियों को भलीभांति समझते हैं और संगठन की उनसे अपेक्षा रहेगी कि वह चुनाव प्रचार प्रसार को अंतिम मतदाता के दरवाजे तक ले कर जायें।यहां संगठनात्मक बैठक में भाजपा ने महर्षि कश्यप की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, निगम पार्षद, मंडल अध्यक्ष, चुनाव संयोजक एवं प्रभारी आदि शामिल हुए। बैठक में डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि हमें इसी लोकसभा चुनाव प्रचार में जनता के बीच यह स्थापित कर देना है कि केजरीवाल सरकार एवं विधायक भ्रष्ट हैं। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष अगले कुछ दिन में पन्ना प्रमुखों एवं बूथ प्रमुखों को 25 मई के महासंग्राम के लिए संचालित कर दें ताकि हम हर



बूथ पर विजयी हों। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। शुक्रवार को महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर बैठक में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सृष्टि के सृजनकर्ता को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी, सुबह-सुबह चली तेज हवाएं, दिन में बढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज मिलाजुला रहा और कई जगह हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज हुई। मौसम विभाग ने बूंदाबांदी की भविष्यवाणी की थी जो सच साबित हुई है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार राजधानी में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 20. 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शनिवार से दिल्ली में मौसम में बदलाव हो सकता है जिसमें तेज धूप व लू के थपेड़े शामिलहै।अगले तीन चार दिन तक राजधानी दिल्ली एनसीआर में 30-35 किमी की गति से तेज हवाएं चलती रह सकती है। तीन दिन मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है। जिसमें हवाओं के बावजूद तापमान बढ़कर 38 डिग्री या इससे भी अधिक हो सकता है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले पांच छह दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के बेह करीब पहुंच सकता है। यानी कहा जा सकता है कि अब दिल्ली में भीषण गर्मी और लू लोगों को परेशान कर सकती है। बता दें कि दिल्ली में बुधवार को भी हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई थी, जबकि गुरुवार को तेज धूप ने लोगों को परेशान किया।

## कैसे होगी मच्छर जनित बीमारियों की जांच

# डेंगू से लड़ने वाले निगम कर्मियों को नहीं मिले पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के तहत कार्य करने वाले डीबीसी कर्मियों को भले ही एमटीएस का पद मिल गया है लेकिन यह पद भी अभी एक एग्रीमेंट में उलझा हुआ है। डीबीसी कर्मचारी खुद को अभी बीच में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं और निगमायुक्त ज्ञानेश भारती द्वारा जारी निर्देश का पालन करने में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा निकाले गए एग्रीमेंट संशोधन के लिए गत 1 अप्रैल को बैठक निगम के अतिरिक्त आयुक्त और जन



स्वास्थ्य अधिकारियों से बैठक की जा चुकी है। उसके बाद जो काम दो दिन में संशोधित एग्रीमेंट लाने के लिए कहा गया था अब तक भी संशोधित एग्रीमेंट नहीं लाया गया है जिसको कर्मचारी देने से मना नहीं कर रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के इन कर्मियों का कहना है कि यदि पहचान पत्र की बात की जाए तो जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नए पहचान पत्र भी जारी नहीं किए गए हैं। घरों में जांच के दौरान कई बार हमसे पहचान पत्र की मांग की जाती है और नहीं होने के चलते कहासुनी भी हो जाती है। निगम प्रशासन से कई बार पहचान पत्र बनाने की मांग की गई है लेकिन मांग पर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया है। वहीं, जन स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन कर्मियों के पहचान पत्र बने हुए हैं।

### आधी आबादी की कौन करेगा जांच

एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से लड़ने के लिए आदेश तो जारी हो गए हैं लेकिन डीबीसी से एमटीएस बनाने संबंधी एग्रीमेंट मामले में हमें सिर्फ 12 जोन में से सिर्फ 6 जोन में एग्रीमेंट की वजह से ड्यूटी पर लिया जा रहा है। यदि ऐसा ही रहा तो दिल्ली की आधी आबादी पर हम कर्मचारी कैसे कार्य करेंगे। निगम प्रशासन को इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।

### कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र केंद्र में पारदर्शी शासन लाएगा, सुधरेगा लोगों का जीवन : लवली

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को पेश किए घोषणापत्र को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लवली ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी द्वारा जारी केंद्रीय घोषणा पत्र पार्टी का न्याय पत्र (घोषणापत्र) केंद्र में पारदर्शी शासन लाएगा, जिससे लोगों के जीवन में सुधार होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की तानाशाह सरकार से त्रस्त देश की जनता को राहत पहुचाने के लिए कांग्रेस ने घोषणा पत्र, न्याय पत्र में 5 न्याय और 25 गारंटियां दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वादे, हाथ बदलेगा हालात को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र न्याय पत्र, पांच न्याय और 25 गारंटियों का एक व्यापक दस्तावेज है। कांग्रेस पार्टी किसी व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि देश की लगभग 95 प्रतिशत जनसंख्या के अधिकारों, हितों और जीविका को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकसभा चुनाव में जीत के पश्चात केंद्र में सरकार बनाने पर हमारी सरकार 5 न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय में निहित देशवासियों के लिए 25 गारंटी तुरंत लागू करेगी। लवली ने बताया कि घोषणा पत्र में रोजगार, महंगाई और सामाजिक न्याय पर विशेष ध्यान दिया है। क्योंकि यह विषय युवाओं, महिलाओं सहित समाज के निचले स्तर तक से संबंधित है। लवली ने कहा कि केन्द्र सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी सरकार में 30 लाख खाली पड़ी सरकारी नौकरियों को भरा जाना, अग्निपथ योजना खत्म करना , किसानों को एमएसपी को कानूनी रुप से लागू करना, खेती उत्पादन को जीएसटी मुक्त करना, किसानो के कर्ज माफी के लिए आयोग तथा युवाओं को 1 साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने की योजना तुरंत लागू, पेपर लीक के लिए कठोर कानून और स्नातक व डिप्लोमा धारी युवाओं को हुनरबंद बनाने के लिए भत्ता देने का प्रावधान करने से ग़रीब वर्ग लाभान्वित होगा। वहीं महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं एक-एक लाख प्रतिवर्ष देने, केन्द्र सरकार की नौकरियों में 33 प्रतिशत का आरक्षण, 6 हजार रुपये प्रतिमाह देने, महिला की रसोई को राहत देने के लिए गैस सिलंडर की कीमतों में कटौती और हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में महिला जजों की संख्या बढ़ाने की तुरंत योजना बनाई जाएगी। सरकार बनने पर रक्षा बलों के लिए वन रैंक वन पेंशन योजना को सही रुप से लागू होने से सब का हित होगा।

# नेत्रहीन मतदाताओं के लिए एपिक कार्ड व फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी


निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है।

**खास बातें**

- दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने की व्यवस्था
- दिव्यांगों के लिए हीलचेयर व मतदान केंद्रों में रैम्प
- मदद के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस स्वयंसेवक



## दिव्यांगों को वोटिंग के बाद घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा

उन्होंने आगे बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी और जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेड क्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी। नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और अशक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैंए वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने में समर्थ हैं, उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं, परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### एनसीआरटीसी को 3 प्रतिष्ठित पुरस्कार



**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी को 15वें निर्माण उद्योग विकास परिषद विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 के तहत तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया। निर्माण, सामग्री, आपूर्ति, सेवाओं और निर्माण क्षेत्र से व्यावसायिक रूप से 2500 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले संगठनों की श्रेणी में अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हुआ।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम ने वाहन चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने सोहना रोड बाहक सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने बाइक को संजय कॉलोनी से प्रयोग करने के लिए चोरी किया था। जिसका मुकदमा थाना मुजेसर में दर्ज है।



### स्नैचिंग के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने स्नैचिंग की वारादात में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक कुमार उर्फ दीपू गांव नीमका बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को बाईपास रोड सेक्टर-37 पल्ला पुल के पास से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।



### युवती को आपत्तिजनक मैसेज भेजकर दी धमकी

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में युवती को मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज व धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने कहा कि उसके मोबाइल पर एक नंबर से आपत्तिजनक मैसेज आए। वहीं उसे बदनाम करने की धमकी भी दी गई।



### न्यायाधीश के घर से नौकरानी ने की चोरी

**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया में एक न्यायाधीश के घर से चार दिन पहले आई घरेलू सहायिका सोने के आभूषण समेत 50 हजार रुपये चोरी कर फरार हो गई। घटना के समय न्यायाधीश घर पर नहीं थे। चतुर्थ श्रेणी के एक कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। विनोद कुमार ने कहा कि न्यायाधीश के घर पर एक अप्रैल से घरेलू सहायिका लगी थी।



## मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने थाना धौज क्षेत्र में राशन डिपो की चेकिंग की

# 50 क्विंटल गेहूं व 3689 लीटर तेल कम पाया, थाना धौज ने दर्ज करवाया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना दी गई कि गांव टीकरी खेडा में राशन डिपो धारक वाहिद व खुर्शीद द्वारा सरकारी राशन का वितरण ठीक प्रकार से न कर राशन की कालाबाजारी की जा रही है। स्टॉक का भौतिक निरीक्षण किया जाए तो भारी मात्रा में सरकारी राशन की हेराफेरी मिलेगी।

सूचना के आधार पर डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा सत्यनारायण व गिरीश निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ गांव टीकरी खेडा के राशन डिपो का निरीक्षण किया गया। यह राशन डिपो खुर्शीद के मकान में चल रहा था। मौके पर खुर्शीद हाजिर मिला। पूछताछ पर उन्होंने बताया कि वाहिद राशन डिपो धारक धौज के आस-पास व अन्य 4 गांवों की सप्लाई अटैच हैं। गांव टीकरी खेड़ा की सप्लाई वितरण कराने के लिए वह रिकार्ड में नॉमिनी हैं, जिसके आधार पर वह राशन वितरण कराने में सहयोग करता है। मौके पर गांव के हाजिर लोगों ने बताया कि हर माह उन्हें इसी खुर्शीद के मकान से ही राशन मिलता हैं। संयुक्त टीम द्वारा भौतिक निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट तैयार की गई। पड़ताल पर वाहिद के अन्य राशन डिपो का निरीक्षण किया जाना था, जिसके लिए वाहिद को फोन कर मौके पर हाजिर होने का अनुरोध किया गया।

> सूचना के आधार पर डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा सत्यनारायण व गिरीश निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ गांव टीकरी खेडा के राशन डिपो का निरीक्षण किया गया था। यह राशन डिपो खुर्शीद के मकान में चल रहा था।



**राशन डिपो को सील किया गया**

वाहिद के भाई रॉबिन ने । खोरी जमालपुर और धौज के राशन डिपो का मुख्यमंत्री उड़न दस्ता के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को निरीक्षण करावाया गया। जिनकी अलग से रिपोर्ट तैयार की गई। उसके उपरांत संयुक्त टीम ने गांव बीजोपुर व फतेहपुर जाकर वहां के स्टॉक का निरीक्षण किया । मौका पर दोनो ही गांवों के राशन डिपो पर ताला लगा हुआ मिला । रॉबिन ने कहा कि इन गांवों के डिपो की चाबी उनके पास नहीं है। जिस बारे वाहिद से संपर्क किया। काफी देर तक वाहिद के नहीं आने पर दोनों गांवों के राशन डिपो पर लगे तालों पर सील लगाई गई और राशन डिपो धारक को सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया कि 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे हाजिर होकर राशन डिपो का निरीक्षण करवाएं।

**निरीक्षण में स्टॉक का मशीन के अनुसार मिलान किया और रिपोर्ट तैयार की**

वाहिद ने आने में असमर्थता जाहिर की और अपने भाई राबिन को चाबी देकर भेजा व कहा कि किसी कारण से वह एक दिन पहले चाबियों को दे नहीं दे पाया था। संयुक्त टीम को दोनों स्थानों पर लगाई गई सील सुरक्षित मिली। निरीक्षण के दौरान गांव धौज में 2 एफपीएस आईडी व बीजोपुर में एक मशीन आई डी अलाट है। मौका पर स्टॉक का मशीन के अनुसार मिलान किया व अलग से रिपोर्ट तैयार की गई।

**आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

वाहिद के पास गांव धौज का राशन डिपो अलॉट है व 4 अन्य गांव खोरी जमालपुर, टीकरी खेड़ा, बीजोपुर व फतेहपुर तगा की राशन सप्लाई अटैच होनी पाई गई है। निरीक्षण पर सभी के स्टॉक का मिलान करने पर कुल 49.45 किवंटल गेंहू कम 21.32 किवंटल बाजरा कम, 3689 लीटर सरसों तेल कम व 52 किलोग्राम चीनी ज्यादा पाई गई है। राशन डिपो धारक वाहिद द्वारा सरकारी राशन की सप्लाई वितरण में अनियमितता बरतने पर सत्यनारायण की शिकायत पर मामला दर्ज संख्या 68 आवश्यक वस्तु अधिनियम थाना धौज फरीदाबाद में दर्ज करवाया गया है।

## डीईओ ने कहा-सबूत लाओ

# निजी स्कूलों पर प्रकाशकों से किताबें खरीदवाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शिक्षा निदेशालय पंचकूला ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश भेजकर कहा है कि वे सभी सरकारी व निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से जुड़ी पुस्तकें ही लगवाना सुनिश्चित करें अगर कोई स्कूल संचालक उनकी जगह निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदवाता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके नाम शिक्षा निदेशक को भेजें, इसके अलावा स्कूलों में जाकर नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों के बस्ते का जो वजन निर्धारित किया गया है।

उसकी जांच करें अगर वजन ज्यादा मिलता है तो उस पर भी कार्रवाई करें। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी इन आदेशों का पालन नहीं करवा पा रही हैं। मंच का आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी इन आदेशों पर तब कार्रवाई करते हैं जब अभिभावक पूरी तरह से लूट पिट जाते हैं और प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें खरीद लेते हैं। खाना पूर्ति के लिए नामी गिरामी स्कूलों की जगह 2,3 छोटे स्कूलों में जाकर कार्रवाई की जाती है। आपसी सांठगांठ के चलते पिछले 3 साल से ऐसा ही खेल चल रहा है।

**अभिभावकों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ**

प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि मंच की ओर से 3 अप्रैल को डीईओ को पत्र भेजकर सूचित किया गया था कि निजी स्कूल संचालक अपने स्कूलों में खुली दुकानों से या बाहर बताई गई अपनी मन पसंद दुकानों से एनसीईआरटी की किताबों की जगह कमीशन खाने के चक्कर में निजी प्रकाशकों की मोटी और महंगी किताबें अभिभावक से खरीदने पर जोर दे रहे हैं। इससे अभिभावकों पर आर्थिक दबाव पड़ रहा है दूसरा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किए गए बजन से अधिक बच्चों के बस्ते पर बोझ डाला जा रहा है।

## घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया

# अचानक ब्रेक लगाने पर ट्राला के टकराया कैंटर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

फर्रुखनगर थाना एरिया केएमपी एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्राला के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा कैंटर की ट्राला से टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर में सवार परिचालक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रेवाड़ी के कृष्ण कुमार ने कहा कि वह आयशर कैंटर को लेकर पलवल से गुरुग्राम के लिए चला था। वह गलती से फर्रुखनगर से बादली की तरफ केएमपी एक्सप्रेस-वे पर निकल गया। उसके साथ परिचालक दिल्ली के कापसहेड़ा का खगेन्द्र मिश्रा, कापसहेड़ा के ही रवि कुमार, मनोज कुमार, नालंदा निवासी मूर्ति कुमार व हरियाणा के सिरसा निवासी संजय भी थे। जब कैंटर फर्रुखनगर टोल से बादली की ओर निकला तो आगे चल रहे तेज रफ्तार ट्राला ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कैंटर ट्राला से टकरा गया। हादसे में कैंटर में सवार सभी घायल हो गए। उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।



## किसान संगठन समिति नहरपार ने

# हुडा प्रशासक को दिया आंदोलन का नोटिस, 18 को करेंगे धरना- प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

किसान संगठन समिति नहरपार फरीदाबाद ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद के प्रशासक को आंदोलन का नोटिस दिया है। जिसमें समिति ने चेतावनी देते हुए लिखा है कि आगामी 17 अप्रैल तक किसानों की मांगों का आपस में बैठक कर समाधान किया जाए अन्यथा 18 अप्रैल को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा और धरने व प्रदर्शन के कारण किसी प्रकार की शांति भंग होती है अन्यथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासक महोदय की होगी।

समिति के प्रधान जगबीर सिंह एवं महासचिव सत्यपाल नरवत ने बताया कि किसानों की मांगों का एक ज्ञापन विगत 6 फरवरी को हरियाणा शहरी वि का स प्राधिकरण के प्रशासक को दिया था, लेकिन अभी तक प्रशासक ने किसानों के पदाधिकारियों को बातचीत के लिए आमंत्रित नहीं किया है ।

दो को गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा दी

# पत्नी को फोन किया तो डंडों से पीटकर की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिलासपुर एरिया के गांव बासलांबी में मिली युवक के शव के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा दी है। मृतक युवक ने आरोपित युवक की पत्नी के पास फोन किया था, जिससे रंजिश रखते हुए उसकी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपितों से वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी ब्रेजा और डंडा बरामद कर लिया है।

दरअसल, बुधवार को पुलिस चौकी जमालपुर को सूचना मिली थी कि गांव बासलांबी में बिहार मूल के संजय दास का शव मिला था। मृतक के भतीजे ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था उनके चाचा के शरीर पर चोट के निशान है। किसी ने उनकी मारपीट कर हत्या की है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।



मामले में मानेसर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार की टीम ने बांसलाम्बी से दो आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान गांव बासलांबी निवासी सोनू और फाजिलपुर बादली निवासी पवन कुमार के रूप में हुई।

**मृतक का सोनू के घर आना-जाना था**

आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मृतक का सोनू के घर पर आना जाना था। संजय दास ने सोनू की पत्नी को फोन किया था। इसे लेकर वह रंजिश रखता था। उसने अपने साथी पवन कुमार के साथ मिलकर अपनी गाड़ी में बैठाकर खेतों में ले गए और वहां पर डंडे से मारपीट की। इसके बाद वह उसे कमरे पर छोड़कर चले गए। मारपीट की चोट से उनकी मौत हो गई।

## सतपाल तंवर को धमकी देने के मामले में लगा एससी/एसटी एक्ट

चिट्ठी में जातिसूचक शब्दों से किया अपमानित

# लॉरेंस बिश्नोई ने दी भीमसेना प्रमुख को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जेल में बंद खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने भीम सेना प्रमुख नवाब सतपाल तंवर को चिट्ठी भेजकर जान से मारने की धमकी दी है। यह चिट्ठी स्पीड पोस्ट के जरिए तंवर के घर भेजी गई। धमकी मिलने के बाद भीम सेना के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल तंवर ने सेक्टर 37 थाने में शिकायत की। शिकायत पर तुरंत जांच कमेटी का गठन करके जांच शुरू कर दी गई। प्रथम जांच के बाद सेक्टर 37 में एससी/ एसटी एक्ट और जान से मारने की धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



**गुरुग्राम पुलिस जल्द बिश्नोई से पूछताछ करेगी**

दरअसल, जेल में बंद खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की ओर से भेजी गई यह चिट्ठी अप्रैल की शाम साढ़े 5 बजे सतपाल तंवर को स्पीड पोस्ट के जरिए मिली। जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है मौत का फरमान, नवाब सतपाल तंवर तेरे नाम, सलमान के बाद तेरा नंबर। पत्र में लिखा है। यह पत्र जेल से लिख रहा हूं नवाब सतपाल तंवर इस पत्र को हल्की धमकी मत समझना। इज्जत से हमारी बात मान ले। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बहुत ही गंदी जाति सूचक गालियां भी लिखी हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और भारतीय संविधान के बारे में बहुत आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है।

एसएचओ सत्यवान ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रथम जांच कर तत्परता से मामला दर्ज कर लिया गया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। जल्द गुरुग्राम पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से इस संबंध में पूछताछ करेगी।

पत्नी ने दर्ज कराया केस

# शराब पार्टी के बाद खाने को लेकर हुए विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खेड़कीदौला एरिया में शराब पार्टी के बाद खाने को लेकर हुए विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पत्नी ने राजस्थान के जिला केकड़ी पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। वहां से शिकायत मिलने के बाद खेड़कीदौला थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला केकड़ी के गांव टांटोटी निवासी पदमा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह दो महीने से पति और बच्चों के साथ रामपुरा मोड के पास टेंट लगाकर रह रहे है। 24 मार्च की सांय को उसका पति सोनू बागरिया शराब लेकर आए थे। उन्होंने मीट की सब्जी और रोटी बनाई थी। उन्होंने पति के साथ शराब पी थी। रात करीब आठ बजे उनके रिश्तेदार प्रधान, रामकिशन और टीनू उर्फ सियाराम शराब पीकर उनके टैंट पर आए। रामकिशन ने उनसे खाना मांगा तो उन्होंने देने से मना कर दिया था। इसके बाद वह तीनों उनके पति के साथ शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान कहासुनी हुई। तीनों ने उनके पति के साथ जमकर मारपीट की और चले गए। अगले दिन तीनों उनके टैंट में आए और घायल सोनू को अस्पताल लेकर गए।

भोलेनाथ के भक्तों ने चरणों में अर्पित किया चढ़ावा

# दान से बढ़ी काशी विश्वनाथ मंदिर की आय, 11 करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड धनराशि ने भरा बाबा का खजाना, सेवाओं पर ध्यान देगा ट्रस्ट

एजेंसी ⏭ वाराणसी

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में अबकी मार्च में दर्शनार्थियों की संख्या ने सावन को पीछे छोड़ते हुए नए रिकार्ड बनाए तो अब तक के सर्वकालिक चढ़ावे में सर्वाधिक धनराशि भी भक्तों ने बाबा के चरणों में अर्पित की। यह चढ़ावा नकद के अतिरिक्त आनलाइन व अन्य स्रोतों के माध्यम से आया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की आय तथा व्यय दोनों में वृद्धि हुई है।

गत वर्ष की तुलना में 42.43 फीसदी की वृद्धि के साथ न्यास की कुल आय 83.34 करोड़ रही। वहीं व्यय भी 40.38 फीसदी की वृद्धि के साथ 25.32 करोड़ रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार व्यय में बढ़ोत्तरी मुख्यतः कल्याणकारी योजनाओं के कारण हुई है। योजनाओं में प्रमुख रूप से समस्त संस्कृत विद्यार्थियों को वस्त्र, पुस्तक, वाद्ययंत्रों आदि के वितरण हैं। शीत ऋतु में कंबल, वस्त्र के वितरण, निःशक्तजनों, यात्रियों को अन्न सेवा भोजन की सुविधा आदि से भी खर्च बढ़ा है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विद्वानों की सहभागिता में वैश्विक समस्याओं के निवारण हेतु समय-समय पर अनेक सेमिनार आयोजित किया जाना भी सम्मिलित है।

### 31 मार्च को आए 6 लाख से अधिक भक्त

मंदिर प्रबंधन के अनुसार 31 मार्च 2024 को पर्व अतिरिक्त दिवस में आज तक की सार्वकालिक सर्वाधिक श्रद्धालु संख्या छः लाख छत्तीस हजार नौ सौ पचहत्तर (6,36,975) दर्ज होने के साथ मार्च 2024 का माह श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के आगमन का ऐतिहासिक माह रहा। इस माह के सापेक्ष गत वर्ष मार्च 2023 में धाम आने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या सैंतीस लाख ग्यारह हजार साठ (37,11,060) थी। यदि पर्व मास की संख्या देखें तो श्रावण मास में अगस्त 2023 माह में धाम पधारने वाले श्रद्धालुओं की सार्वकालिक अधिकतम संख्या पंचानवे लाख बासठ हजार दो सौ छः (95,62,206) थी।



### सुविधाओं पर जोर

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा के अनुसार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप का लोकार्पण होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है, वैसे ही चढ़ावा में भी वृद्धि हो रही है। इसे देखते हुए सुविधा विस्तार पर जोर है, ताकि परिसर स्वच्छ व सुंदर दिखे। इसके लिए स्वच्छता के अंतरराष्ट्रीय मानक का पालन किया जा रहा है।

### शहर में रहने वालों की बढ़ी संख्या

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का नव्य-भव्य स्वरूप सामने आने व विकास के नित नए कीर्तिमान गढ़ रही काशी में रहने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 55 हजार 69 लोगों ने जमीन जायदाद की खरीद-फरोख्त की पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा 469 अधिक रहा। विलेख अधिक आने से निबंधन विभाग को पिछले वर्ष के 80,778 लाख रुपए की तुलना में 2130 लाख रुपए से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। निबंधन विभाग के मुताबिक शहरी क्षेत्र में रिंग रोड के आसपास, पिंडरा, रोहनिया, बाबतपुर, रामनगर क्षेत्र में अधिक जमीनों का क्रय विक्रय हुआ। स्टांप एवं न्याय पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि बनारस ही नहीं पूरे प्रदेश में इस बार निबंधन विभाग से राजस्व की अच्छी प्राप्ति हुई। सीएम योगी की अगुवाई में प्रदेश विकास का नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

### मार्च माह में आए 95 लाख से अधिक भक्त

*मार्च 2024 में यह संख्या रिकॉर्ड पंचानवे लाख तिरसठ हजार चार सौ बत्तीस (95,63,432) दर्ज की गई है। दिसंबर 2021 में नवीन कॉरिडोर उद्घाटन के बाद से ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में हैडकाउंटर कैमरा के माध्यम से श्रद्धालुओं की संख्या वैज्ञानिक पद्धति से निरंतर आगणित किए जाने की व्यवस्था संचालित है। श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने से मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ने के बीच चढ़ावे के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं।*



## खबर संक्षेप

### आईपीएस शीला ईरानी से ईओयू ने की पूछताछ



**पटना।** बिहार कैडर की आईपीएस शीला ईरानी की मुश्किलें बढ़ सकती है। व्यवसाय में धोखाधड़ी और आय से अधिक संपत्ति मामले में ईओडब्ल्यू उनसे पूछताछ कर रही है। इस मामले में आईपीएस शीला को तलब करके करीब 3 घंटे से ज्यादा पूछताछ की गई है। कई अहम पहलूओं की जांच चल रही है। और अब जांच के बाद जो रिपोर्ट तैयार होगी। उसे बिहार पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा। शीला ईरानी इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिक्योरिटी सिस्टम और डायल 112 की एसपी हैं।

### पत्नी का शव लेकर जा रहे पति समेत तीन की मौत



**भोजपुर।** भोजपुर में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना भोजपुर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के औरैया टोला के समीप पास की है। बताया जा रहा है कि महिला का शव लेकर दाह संस्कार के लिए बक्सर जा रही सवारी गाड़ी में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इनका इलाज आरा सदर अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। एक शख्स को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

बागपत में दिखी सीएम योगी और जयंत चौधरी की जोड़ी, किसानों को साधते हुए चुनाव रणनीति को दी धार

# चरण सिंह को 'भारत रत्न' मिलना किसानों के सम्मान के साथ यूपी वालों का गौरव भी

एजेंसी ⏭ बागपत

सीएम योगी ने शुक्रवार को बागपत और अलीगढ़ में चुनाव रैलियों को संबोधित किया। योगी ने कहा कि आज यूपी में बहन-बेटियां तथा व्यापारी सुरक्षित हैं। यूपी में कानून व्यवस्था सुधरी है। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए अब 5 साल और 10 साल इंतजार नहीं करना पड़ता है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एनडीए गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की उपस्थिति में बिना नाम लिए विपक्ष पर प्रहार किया। रालोद नेता जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के भ्रष्टाचार मुक्त भारत तथा गांवों के विकास कराने का सपना पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। सीएम योगी ने वीरों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की धरती बागपत को नमन किया।

शुक्रवार को गेटवे स्कूल बागपत में भाजपा-रालोद की संयुक्त विजय शंखनाद रैली में भाजपा एवं रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में सीएम योगी ने कहा कि पूर्व में चंद राजनैतिक दलों के संरक्षण से यूपी में अपराधी और माफिया को खूब संरक्षण मिला। परिवारवाद की छाया में माफिया के खौफ से यूपी में माताएं, बहिनें सुरक्षित नहीं थीं। लेकिन भाजपा के सत्ता में आते ही यूपी में बहन-बेटियां तथा व्यापारी सुरक्षित हैं। यूपी में कानून व्यवस्था सुधरी है। माफिया और अपराधी के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है।

### खास बातें

- माफिया और अपराधी के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति
- गन्ना मूल्य भुगतान के लिए अब 5 साल और 10 साल इंतजार नहीं करना पड़ता
- पीएम मोदी ने किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया
- यूपी को 'मोदी की गारंटी' पर पूरा यकीन




### चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा

सीएम योगी ने कहा कि उन्हें भारत माता के महान सपूत और पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की पावन धरा पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस बार हमारे लिए यह चुनाव और भी महत्व का हो जाता है। पहली बार किसानों के मसीहा के रूप में चौधरी चरण सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त हुआ है। यह न केवल कोटि-कोटि अन्नदाताओं का सम्मान है, बल्कि उप्र वालों का गौरव भी हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए अब 5 साल और 10 साल इंतजार नहीं करना पड़ता है।

#### पीएम मोदी का जताया आभार

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी का आभार, जिन्होंने चौधरी साहब के मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखा और अन्नदाताओं के मुद्दों को राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया और किसान के हित में कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया। समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहे यूपी को 'मोदी की गारंटी' पर पूरा यकीन है।

#### पांडवों के पांच गांव में एक बागपत भी

सीएम योगी ने कहा कि यह वही भूमि है, जहां से अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध महाभारत की नींव पड़ी थी और करीब पांच हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर के राजदरबार में जाकर पांडवों के लिए जिन पांच गांव की मांग की थी, उनमें से एक बागपत भी था। मगर 'दुर्योधन वह भी दे न सका, आशीष समाज की ले न सका', इसलिए महाभारत तो होना ही था।

#### देश की सीमाएं सुरक्षित

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। पीएम मोदी के नेतृत्व देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं, कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर के राज्यों का उग्रवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है।

### समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वालों का 'राम नाम सत्य' तय है



**अलीगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा, उसका 'राम नाम सत्य' भी तय है। सरकार अपराधियों का जीना हराम कर देगी। उन्होंने कहा कि खेरेश्वर महादेव की पावन धरा अलीगढ़ की जनता ने तय कर लिया है कि तीसरी बार फिर मोदी सरकार। पीएम मोदी ने 10 वर्षों में देश का कायाकल्प कर दिया है।

रतियाः विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री ने बोला हमला

# विपक्ष दुष्प्रचार कर देश के विकास को रोकना चाहता हैः नायब सैनी



**फतेहाबाद।** रतिया जनसभा को संबोधित करते सीएम सैनी व उपस्थित लोग।

- नरेन्द्र मोदी के 10 साल कांग्रेस के 55 साल पर भारी
- कहा-प्रधानमंत्री ने देश का कायाकल्प कर नंबर वन बनाने को कृतसंकल्प
- सभी नेताओं ने किया भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को भारी मतों से जिताने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 सालों में देश का कायाकल्प कर दिया है। वे भारत को दुनिया में नंबर वन देश बनाना चाहते हैं। सीएम शुक्रवार को रतिया अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। विजय संकल्प रैली के साथ ही सीएम ने सिरसा लोकसभा में अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां दुष्प्रचार कर देश का विकास का रोकना चाहती हैं। सीएम सैनी ने कहा कि हम देखते थे कि हमारी माताएं बहनें सिर पर मटका लेकर पानी के लिए दूर-दूर जाती थीं, लेकिन बीजेपी की सरकार आने पर उनके लिए घर तक शुद्ध पानी की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए अलग से मंत्रालय की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गरीब व्यक्ति के इलाज के लिए प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था की कि आज इलाज के अभाव में किसी व्यक्ति की जान नहीं जाती। आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड जैसी योजनाएं प्रदेश की जनता को दी गई।

### मोदी के 400 पार के नारे में आहुति डालने का आह्वान किया

अशोक तंवर को अपना आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे में आहुति डालने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है और वे देश को दुनिया में नंबर वन देश बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी सोच है कि हर घर के ऊपर छत हो और हर पेट को रोटी हो, इसके लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है।

## पेज एक का शेष

### राहुल के पसंदीदा थाईलैंड...

त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में जल प्रबंधन को लेकर एक तस्वीर है। यह तस्वीर न्यूयॉर्क राज्य में बफेलो नदी की है। अब तक वे यह पता नहीं लगा पाए हैं कि उनके सोशल मीडिया चेयरपर्सन के ट्विटर से कौन ट्वीट कर रहा था। और अब न उन्हें यह पता है कि उनका घोषणापत्र कौन बना रहा है। इसमें राहुल गांधी के पसंदीदा स्थान थाईलैंड की एक तस्वीर लगाई गई है। भाजपा नेता ने कांग्रेस के घोषणापत्र में विदेशी तस्वीरों के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए कहा कि यह शासन के प्रति कांग्रेस के दृष्टिकोण और वैश्विक मंच पर भारत की छवि के बारे में उनकी समझ पर खराब प्रभाव डालता है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पहले वे विदेशों में जाकर भारत और मोदी सरकार की छवि खराब करते थे, अब अपने लिए विदेशों की तस्वीरें उधार में ले रहे।

### कांग्रेस के घोषणा...

स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख तक का कैशलेस इंश्योरेंस

- गरीब परिवार के लिए महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी. जहां उन्हें बिना शर्त 1 लाख रुपए दिए जाएंगे
- पैसा बांटने से पहले इसको लाने पर काम किया जाएगा. मोदी सरकार के 5 सालों में लोगों की सैलरी स्थिर है
- एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना कराई जाएगी, जिसमें जातियों और उपजातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के बारे में जानकारी मिल सके
- एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाई जाएगी और उनको पूरा हक दिया जाएगा
- एसटी,एससी और ओबीसी के लिए एक साल के भीतर आरक्षित पदों की सभी बैकलॉग रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी
- युवाओं को 40 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी
- पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाई जाएंगी
- आंगनवाड़ी वर्कर्स, आशा कार्यकर्ताओं और मिड डे मील वर्कर्स की सैलरी बढ़ाई जाएगी
- कामकाजी महिलाओं को लिए दोगुने हॉस्टल बनाए जाएंगे
- किसानों के लिए जरूरी चीजों से जीएसटी हटायई जाएगी और स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाएगी
- फसल का नुकसान होने पर 30 दिन के भीकर पैसा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा
- मजदूरों की दैनिक मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपए किया जाएगा, इसे मनरेगा में भी लागू किया जाएगा
- असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के लिए लाइफ और एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दिया जाएगा
- संवैधानिक संशोधनों में 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा
- एससी, एसटी की जनसंख्या के हिसाब से उनके लिए बजट आवंटित किया जाएगा
- घर बनाने और बिजनेस शुरू करने और संपत्ति खरीदने के लिए एससी और एसटी के लिए संस्थागत लोन बढ़ाया जाएगा
- आर्थिक रूप से कमजोर सभी जाति, समुदायों के लोगों को नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में बिना किसी भेदभाव के 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा
- एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए खासकर हायर एजुकेशन के लिए स्कॉलरशिप की राशि बढ़ाकर दोगुनी की जाएगी। वहीं पीएचडी में भी स्कॉलरशिप दोगुनी की जाएगी। विदेश में पढ़ाई के लिए भी मदद की जाएगी

### खजुराहो सीट से...

हत्या करार दिया है।श्रीमती यादव ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी को आवेदन पत्र देकर उनके नामांकन पत्र पर पुनर्विचार करने को कहा है। दरअसल, मप्र में चार चरणों में मतदान होना है। दूसरे चरण के नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 4 अप्रैल को श्रीमती मीरा यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को जब नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी हुई तो नामांकन पत्र में उनका हस्ताक्षर नहीं होना पाया गया। इसके साथ ही नामांकन पत्र में वोटर लिस्ट की सर्टिफाइड कॉपी भी नहीं लगाई गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी से इसे गंभीर त्रुटि मानते हुए नामांकन पत्र निरस्त कर दिया।

**प्रत्याशी को लेकर शुरू से ही थी तकरारः** इंडिया गठबंधन में यह मप्र की 29 में से 28 सीट कांग्रेस को मिली है, जबकि एक मात्र खजुराहो सीट सपा के खाते में आई है। इस सीट पर पहले सपा ने डॉ. मनोज यादव को टिकट दिया था। किंतु बाद में टिकट बदलकर श्रीमती मीरा यादव को टिकट दे दिया। वे पड़ोसी जिले निवाड़ी से विधायक भी रह चुकी हैं। श्रीमती यादव मूलतः झांसी जिले की रहने वाली हैं, किंतु उनका पारिवारिक संबंध निवाड़ी से है। इस सीट पर कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे।

**लोकतंत्र की हत्याः** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर बताया कि खजुराहो सीट से इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। कहा जा रहा है कि हस्ताक्षर नहीं थे तो फिर देखने वाले अधिकारी ने फार्म लिया ही क्यों? ये सब बहाने हैं और हार चुकी भाजपा की हताशा है। जो न्यायालय के कैमरे के सामने छल कर सकते हैं वे फार्म मिलने के बाद पीठ पीछे क्या क्या साजिश रचते होंगे। उन्होंने मांग की कि इस घटना की न्यायिक जांच हो, किसी का पर्चा निरस्त करना लोकतांत्रिक अपराध है।

**हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और निर्वाचन आयोग में करेंगे अपीलः** श्रीमती मीरा यादव के पति दीपनारायण यादव ने मीडिया को बताया कि नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया है। फॉर्म में दो कमी बताई गई। पहली वोटर लिस्ट की, जो सर्टिफाइड कॉपी लगी है वह पुरानी है। दूसरी कमी में दो जगह साइन की बजाय एक ही जगह साइन है। उन्होंने बताया कि हमने 2 अप्रैल को सर्टिफाइड कॉपी के लिए अप्लाई किया था, जो 3 अप्रैल को भी नहीं मिली। इस स्थिति में जो सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं थी, उसे ही लगा दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि वह कॉपी खराब दिख रही थी, तो हमें बताते। हम फिर कॉपी उपलब्ध करा देते। जो कमी थी उसे उसी दिन बताते तो हम उसे पूरा कर सकते थे। अब हम हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग जाएंगे।

### देश में 10 लाख से ज्यादा...

**बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने की तैयारीः** दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक, भाजपा ने इस बार अकेले 370 और एनडीए गठबंधन के साथ 400 पार जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी ने देश भर के प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 वोट ज्यादा बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। यही वजह है कि पार्टी ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को देश के सभी राज्यों में प्रदेश, लोकसभा, जिला, विधानसभा, मंडल और बूथ स्तर तक जाकर मतदाताओं के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी उत्साहित करने के लिए विशेष योजना बनाई है।

**मोदी कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाएंगेः** पार्टी देशभर के कार्यकर्ताओं को 'फिर एक बार, मोदी सरकार- अबकी बार, 400 पार' के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करने के अभियान में अथक परिश्रम के साथ जुट जाने का आह्वान भी स्थापना दिवस के मौके पर फिर से करेगी। पार्टी इन कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं तक यह संदेश भी पहुंचाने का प्रयास करेगी कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक ओर जहां गरीब, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए ढेर सारे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, वहीं दूसरी ओर आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बहुत तेजी से प्रगति करते हुए भारत के मान-सम्मान को बढ़ाने एवं संस्कृति और विरासत के क्षेत्र में भी अद्वितीय कार्य हुए हैं।

**पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया जाएगा सम्मानितः** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि देश की जनता ने भी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन पूरी तरह से बना लिया है। इस संदेश का भी ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाएगा। भाजपा 6 अप्रैल को इन कार्यक्रमों में हर स्तर पर अपने पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी करेगी। इन कार्यक्रमों में विशेष तौर पर उस इलाके के बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।

**कार्यकर्ताओं के घरों में फहराएगा पार्टी का झंडाः** इसके अलावा देशभर में बने पार्टी के सभी कार्यालयों को सजाया जा रहा है जहां शनिवार को पार्टी का झंडा भी फहराया जाएगा। यहां तक कि पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता भी स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे। विधानसभा स्तर पर देशभर में पार्टी नेता व कार्यकर्ता पार्टी के झंडे के साथ पदयात्रा करेंगे और बाइक रैली भी निकालेंगे।

### पत्नी का बार-बार...

के घर वापस लौटने की कोशिशें भी नहीं कीं।

**पति-पत्नी अनिश्चितता की जिंदगी जी रहेः** हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि ये साफ है कि पत्नी अपने पति के घर को बार-बार छोड़कर जा रही है। इसमें पति की तरफ से कोई गलती नहीं दिखती। पत्नी का समय-समय पर घर छोड़कर जाना पति पर मानसिक क्रूरता है। इसके लिए कोई वजह या सफाई नहीं हो सकती। सबूत बताते हैं कि पति-पत्नी अनिश्चितता की जिंदगी जी रहे हैं। 19 साल साथ में गुजारने के बाद उनकी शादीशुदा जिंदगी में न तो कोई सैटलमेंट हो सकता है और न ही मानसिक शांति आ सकती है। हम तलाक की मंजूरी देते हैं।

### आरएसएस प्रमुख ...

जहां उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई थी। आज वे मालवा और मध्य प्रांत के पदाधिकारीयों की बैठक भी लेंगे। उन्होंने भगवान ओंकारेश्वर व ममलेश्वर के भी दर्शन किए।

### सुप्रीम कोर्ट बोला...

इनकार के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को भोजशाला और कमल मौला मस्जिद के विवादित स्थल पर सर्वे करने के लिए एएसआई को निर्देश देने वाले हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश से संबंधित अपनी याचिका के साथ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जाने के लिए कहा। बता दें कि इंदौर हाईकोर्ट ने एएसआई को भोजशाला के सर्वे के लिए आदेश दिया था। तब याचिकाकर्ता क़ाज़ी मोइनुद्दीन हाईकोर्ट में पक्षकार नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता काजी मोइनुद्दीन, जो कमल मौला मस्जिद के मुतवल्ली हैं, हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं थे। इसके बाद याचिकाकर्ता क़ाज़ी मोइनुद्दीन ने अपनी याचिका वापस ले ली।

### पहले भी कर चुका...

जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कर्ता के वकील की दलील सुनने के बाद केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एएसआई को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्ते में जवाब-दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी साफ किया कि सर्वे के दौरान कोई खुदाई नहीं की जाएगी,जिससे परिसर की प्रकृति बदलती हो।

### अब यूपीआई के...

जरिए नकदी जमा करने वाली मशीन में कैश डिपॉजिट कर पाएंगे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान यह ऐलान किया। इस पहल से अब एटीएम कार्ड रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक की समीक्षा पेश करते हुए कहा "एटीएम में यूपीआई के जरिए कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभव को देखते हुए यूपीआई का उपयोग करके नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में पैसा जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है।"

**रेपो रेट में बदलाव नहीं, 4.5 प्रतिशत पर बरकरार जीडीपी 7% रहने की उम्मीदः** आरबीआई ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि इस वर्ष मानसून की स्थिति को सामान्य मानते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आरबीआई ने अपनी फरवरी की मौद्रिक नीति में एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि ग्रामीण मांग गति पकड़ रही है और विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि से निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार मार्ग में व्यवधान से कुछ दिक्कतें आ सकती हैं।

### जल्द ही जारी...

यूपीआई ऐप के जरिए यूपीआई भुगतान करने की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इससे ग्राहकों के लिए चीजें और आसान होंगी और छोटी राशि के लेन-देन के लिए डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा मिलेगा।

### एटीएम कार्ड रखने...

ब्लॉक करवाने के बाद कैश डिपॉजिट करने में आपको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अंसारी के बेटे ने फातिहा में शामिल होने की मांगी अनुमति

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाब, नौ को होगी अगली सुनवाई




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/लखनऊ

मुख्तार अंसारी की फातेहा (विशेष प्रार्थना) 10 अप्रैल को होनी है। जेल में बंद मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर फातेहा में शामिल होने की अनुमति मांगी है। इस पर अदालत ने यूपी सरकार से जवाब मांगा है।

शुक्रवार को अब्बास के वकील ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उनकी याचिका समय पर अदालत के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो सकी और अंतिम संस्कार हो चुका है। वकील ने कहा कि उन्हें याचिका में संशोधन करने और 10 अप्रैल को होने वाली फातेहा में शामिल होने की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील ने शुरू में कहा कि चूंकि अंतिम संस्कार पहले ही हो चुका है। याचिकाकर्ता रिट याचिका में संशोधन करना चाहता है ताकि वह 10 अप्रैल को होने वाली 'फातेहा' में शामिल हो सके। नोटिस जारी करें और नौ अप्रैल तक इसपर जवाब मांगें।' अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता संशोधित याचिका की प्रति यूपी सरकार की ओर से पेश वकील को प्रदान करे। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।



दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

## विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद


जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।

### क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।





### एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

### एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

### एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

### पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

### जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

### फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

### बेस्ट इंस्टिट्यूट

दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

### एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है, वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए, पैसा, कपड़े, किताबे, बाइक, कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं। यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया, बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया, दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर, जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

### इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स, अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं, हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ;
हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

**लोकसभा क्षेत्र**
सीधी
1 भाजपा प्रत्याशी
डॉ. राजेश मिश्रा
2 कांग्रेस प्रत्याशी
कमलेश्वर पटेल

**पिछली बार कौन जीता**
रीति पाठक
जीत का अंतर
2 लाख 86 हजार 524

## क्या रहेंगे मुद्दे?

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की थी, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गारंटी देने लगे। चुनाव में दोनों की गारंटियां चल रही हैं। भाजपा कहती है कि 'कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा यह मोदी गारंटी है। राजनीति में परिवारवाद को पनपने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है।' दूसरी तरफ कांग्रेस पांच वर्गों को न्याय दिलाने की बात कर रही है। इसके साथ पार्टी की लगभग दो दर्जन गारंटियां भी हैं। दोनों दलों के अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए कार्य गिना रही है तो कांग्रेस उनकी सरकार में किए कार्य बता रही है।

### परिसीमन में सामान्य होने के बाद लगातार जीत रही भाजपा, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में भाजपा के बागी अजय

# सीधी में भाजपा भारी पर माहौल एकतरफा नहीं, कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

*सीधी से सांसद रहीं रीति पाठक इस बार मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने उनके स्थान पर डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बाहर से देखने पर भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है, लेकिन माहौल एकतरफा नहीं है। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा को बगावत का सामना भी करना पड़ा है। राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर गोंगपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सीधी क्षेत्र में आदिवासी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। हर विधानसभा क्षेत्र में काफी तादाद में गोंगपा के परंपरागत वोट बताए जाते हैं। इनके सहारे अजय प्रताप हार-जीत के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा को सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ रही है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

विंध्य अंचल की सीधी लोकसभा सीट से सांसद रहीं रीति पाठक को भाजपा ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। अब वे विधायक हैं। उनके स्थान पर प्रत्याशी बनाए गए डॉ. राजेश मिश्रा कांग्रेस के साथ कड़े मुकाबले में फंसते दिख रहे हैं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कमलेश्वर पटेल उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वजह दो हैं। पहला, क्षेत्र में पटेल सहित पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद और दूसरा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह का पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरना। जहां तक सीधी सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है


डॉ. राजेश मिश्रा


कमलेश्वर पटेल

तो 2008 के परिसीमन के बाद यह सामान्य हुई है। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2009 का पहला चुनाव गोविंद मिश्रा जीते थे। इसके बाद 2014 और 2019 के दो चुनाव भाजपा की ही रीति पाठक जीतीं। 2008 से पहले सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। तब कभी कांग्रेस और कभी भाजपा जीतती थी। सीधी में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी बदलने से राजनीतिक सीमकरण भी बदले हैं। जैसे अब तक भाजपा को सिंगरौली क्षेत्र में एकतरफा वोट मिल रहा था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल का इस क्षेत्र में अच्छा असर है। उनके परिवार के लोग यहां रहते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने समर्थन किया तो क्षत्रिय और उनके प्रभाव वाला वोट भी भाजपा को नहीं मिलेगा। बचा खुचा अजय प्रताप सिंह ले जा सकते हैं। इसके अलावा सीधी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। कमलेश्वर के पिता स्व इंद्रजीत कुमार का क्षेत्र में हर कोई सम्मान करता है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा साफ-सुथरी छवि के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उनकी बड़ी ताकत है। क्षेत्र में भाजपा का स्थाई वोट बैंक है। हालांकि राजेश बसपा से विधानसभा का एक चुनाव लड़कर हार चुके हैं। वे बाद में भाजपा में आए।

### विंस में भाजपा ताकतवर कांग्रेस की हालत पतली

चार माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी 2018 वाली स्थिति बहाल रखी है। पहले भी उसके पास 8 में से 7 सीटें थीं, अब भी हैं। 2018 में क्षेत्र की आठ में से सिर्फ एक सीट सिहावल में कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल जीते थे, जबकि 2023 में कांग्रेस के अजय सिंह चुरहट की सीट जीते। कांग्रेस के हालात पिछली बार जैसे इस मायने में भी हैं कि 2018 में अजय सिंह विधानसभा चुनाव हारे थे और 2019 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह इस बार 2023 में विधानसभा हारे कमलेश्वर को कांग्रेस ने लोकसभा का टिकट दे दिया। अजय सिंह को 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। कमलेश्वर पटेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह 4 जून को मतगणना के दिन पता चल सकेगा।

### तीन जिलों में फैला है सीधी लोकसभा क्षेत्र

भागौलिक दृष्टि से सीधी लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। पिछले चुनाव तक यह दो जिलों सीधी और शहडोल तक था, लेकिन बाद में सिंगरौली नया जिला बन गया। इसके बाद इसकी सीमा तीन जिलों को छूने लगी। लोकसभा की सीमा में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सीधी जिले की चार विधानसभा सीटें चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी आती हैं। सिंगरौली जिले की तीन सीटें चितरंगी, देवसर और सिंगरौली हैं जबकि एक सीट ब्यौहारी शहडोल जिले की है। इनमें से सिर्फ चुरहट में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस के अजय सिंह 27 हजार 777 वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष सभी सीटों में भाजपा काबिज है। उसकी जीत का अंतर कुल मिलाकर 2 लाख 2 हजार से ज्यादा है। इससे भाजपा की ताकत का पता चलता है।

### अजा-जजा, ब्राह्मण पिछड़ों का दबदबा

परिसीमन से पहले सीधी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। क्षेत्र की 8 में से 3 विधानसभा सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी एक विधानसभा सीट आरक्षित है। दोनों वर्ग के मतदाताओं की तादाद 4 लाख के आसपास बताई जाती है। इसके बाद ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के लगभग बराबर 3-3 लाख मतदाता हैं। पिछड़ों में पटेलों के अलावा काछी और यादव बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों के एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में जाने की संभावना है। पटेलों के साथ कुछ अन्य पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जा सकती हैं। भाजपा के बागी गोंगपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह क्षत्रियों और आदिवासियों के कुछ वोट ले जा सकते हैं।

---

जैसा मैंने देखा

## चुनाव...


### 1989 के लोकसभा चुनाव में कूरियर का उपयोग कर भेजना पड़ती थी खबरें


ऋषि पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

चुनावी मौसम में अक्सर लोग कहते सुनाई पड़ते हैं कि हमारे यहां चुनाव हो रहे हैं पता ही नहीं चल रहा। लोगों की यह शिकायत जायज भी है। न लोहे और प्लास्टिक के बिल्ले लटकाए पार्टी कार्यकता नजर आते हैं और न ही कानफोड़ू चुनावी शोर सुनाई देता है। न नारों की होड़ और न प्रचार की मेहनत जी-तोड़। इसके बावजूद हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ रही हैं। चुनाव दर चुनाव मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। लोग बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस यज्ञ में वोटों की आहूति दे रहे हैं। प्रत्याशी से लेकर प्रधानमंत्री तक वोटरों से आभासी संपर्क कर पा रहे हैं। चुनाव प्रचार के पैटर्न में आए इस बदलाव का श्रेय संचार क्रांति को जाता है। संचार क्रांति ने सियासी पार्टियों की ही नहीं, हम जैसे खबरनवीसों की राह भी आसान कर दी है। मुझे याद है कि 1990 के विधानसभा चुनाव में मैंने पहली बार फैक्स का उपयोग किया था। तब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश का ही हिस्सा था। दूरी के कारण रायपुर से भोपाल खबर भेजना आसान काम नहीं था। कूरियर के अलावा कोई और विकल्प नहीं था, जो बड़ी-बड़ी स्टोरी प्रेस तक भेज सके। कूरियर भी पांच से छह दिन लेता था। 1989 के लोकसभा चुनाव में कूरियर का ही उपयोग कर खबरें भेजना पड़ती थी। रायपुर मे जब पहली बार अपना लिखा पन्ना फैक्स मशीन के अंदर गया और भोपाल से सूचना मिली कि खबर मिल गई, तब घोर आश्चर्य हुआ। इसके बाद इंटरनेट आया तो राह और भी सुगम हो गई। वाट्सएप ने तो जैसे क्रांति ही कर दी। इसके वॉइस टाइपिंग वाले फीचर से लिखने का झंझट भी कम हो गया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग फोन से शॉट लेकर वाट्सएप के जरिए आसानी से दर्शकों तक चुनावी रैलियां दिखा रहे हैं। यही काम सियासी दल भी कर रहे हैं। बयान के लिए अब नेता अखबारों के दफ्तर नहीं जाते। उनके 'एक्स' हैंडल से बयान उठाना पड़ता है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर बड़े नेताओं की रैली कवर के करने के लिए किसी को धक्के खाने की जरूरत नहीं। घर बैठे लाइव के माध्यम से लोग उसमें हिस्सेदारी कर रहे हैं। कहने की गरज यह कि संचार माध्यमों ने चुनावी प्रचार का मिजाज पूरा का पूरा बदल दिया है।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान के लिए नागरिकों को जागरूक करना चाहिए...



हमारी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने में सहयोग करें। वह तभी संभव होगा, जब एक बेहतर सरकार सत्ता में होगी। इसलिए हर व्यक्ति का मतदान करना बहुत जरूरी है। यह देश युवाओं का देश है और ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। हमें खुद मतदान करने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए।

**राहुल सिसौदिया**, युवा मतदाता

### युवा देश का केंद्र बिंदु, रोजगार और शिक्षा प्रमुख विषय रहेंगे...



लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वह खुद मतदान करने के साथ लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। युवा इस देश का केंद्र बिंदु हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में रोजगार, शिक्षा प्रमुख विषय रहेंगे। हमारे मतदान करने से एक बेहतर सरकार सत्ता में आती है और विकास के लिए बेहतर काम करती है। हम ऐसे लोगों को चुने, जो देश हित में काम करे और लोकतंत्र को मजबूत करे।

**दीपांशु पटले**, युवा मतदाता

## जो हो न सका...

### तीन करोड़ खर्च के बाद भी खूबसूरत भोपाल का ताजमहल बनता जा रहा है खंडहर

आगरा में स्थित ताजमहल ही भारत का एकमात्र ताजमहल नहीं है। भोपाल में भी एक ताजमहल है। इसे महिला नवाब शाहजहां बेगम ने बनवाया था, लेकिन उसकी खूबसूरती देख लोग उसे ताजमहल कहने लगे। यह महल 17 एकड़ से ज्यादा की जमीन पर बना है। पुरातत्व विभाग ने इसे अपने संरक्षण में लिया और बीते कई सालों में ताजमहल पर तीन करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हो चुके हैं, लेकिन सुधार के नाम पर कुछ भी नहीं दिख रहा। ताजमहल से लगे तीन मोहरे के पत्थर गिर गए थे। इनका दोबारा काम किया गया, जो भोपाल स्मार्ट सिटी ने जयपुर के कारीगरों से करवाया था। जब यह पुरातत्व संग्रहालय के अधीन था, तो 10 साल में इस पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए, इसके बाद भी इसका सुधार नहीं हो पाया।

**146 साल पुरानी है इमारत**


इमारत करीब 146 साल पुरानी है। इसे हेरिटेज होटल बनाने के लिए लीज निरस्त करने के बाद इंदौर की गोल्डमैन होटल्स को दोबारा सौंपा गया, लेकिन काम शुरू ही नहीं हो पाया और फाइलें अब ठंडे बस्ते में हैं।

## चाय पे चर्चा

▶▶ भानपुर क्षेत्र में चाय की दुकान पर लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी के लोग सियासी चर्चाओं में व्यस्त

### उम्मीदवारों की जीत-हार के दावे करने लगे लोग, प्रत्याशी की छवि, पार्टी और क्षेत्र में किए गए विकास पर चर्चा

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। शहर के हर क्षेत्र में चुनावी चर्चाओं का माहौल गर्म होने लगा है। ऐसे में अपने-अपने उम्मीदवार और राजनैतिक पार्टी को लेकर लोग चर्चाओं में जीत-हार तक के दावे पर करने लगे हैं, लेकिन नतीजा भविष्य के गर्भ में छिपा है। ऐसी ही एक चर्चा में भानपुर क्षेत्र में कुछ लोगों के बीच चर्चाओं में चुनाव में अपने



उम्मीदवार को जिताने और अन्य राजनैतिक पार्टियों को हराने की बात होती रही। चर्चा में शामिल हदेश किरार, अशफाक अहमद, निरपत ठाकुर, पप्पू लोधी, पप्पू शाक्य ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। उनका कहना है कि चुनाव आने पर हर वोटर अपने प्रत्याशी की जीत के लिए अपने स्तर पर प्रयास ही नहीं, पूरी कोशिश करता है। स्वयं वोट करने के साथ दूसरे को भी इसके लिए जागरुक करता है, लेकिन हर वोटर आज किसी के कहने से वोट नहीं, बल्कि प्रत्याशी की छवि, राजनैतिक पार्टी और क्षेत्र में किए गए विकास सहित कई मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करता है। इधर, उम्मीदवार हर स्तर पर लोगों को वोट करने के लिए प्रचार-प्रसार से लेकर सीधे जनता के बीच पहुंच कर संपर्क कर रहे हैं। रही बात हार-जीत की तो यह अभी से कहना जल्दबाजी होगा। नतीजा भविष्य में सबसे सामने आएगा।

---

नक्सलियों ने घटनास्थल पर पर्चे भी फेंके

## मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट, फिर टावर में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

एक बार फिर नक्सलियों की कायराना करतूत सामने आई है। नक्सलियों ने धारदार हथियार से एक ग्रामीण की गला रेत कर हत्या कर दी और घटनास्थल पर पर्चे भी फेंके। जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि



पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों द्वारा ग्रामीण को मौत की घाट उतार दिया। पूरा मामला नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के सीतागांव थाना क्षेत्र के पिटेमेटा गांव का है, जहां नक्सलियों ने एक ग्रामीण प्रेम सिंह घावड़े की धारदार हथियार से हत्या कर दी और वहां लगे मोबाइल टावर में भी आग लगा दी। इसके साथ ही घटनास्थल पर नक्सलियों द्वारा पर्चे भी फेक गए। बताया जा रहा है कि नक्सलियों को ग्रामीण पर मुखबिरी का शक था। इसके बाद नक्सलियों ने ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## 1500 ट्रांसफार्मर जलकर खाक, 3 किमी तक का इलाका कराया खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में भारत माता चौक के पास बिजली कंपनी के सब डिवीजन परिसर में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। वहां रखे 1500 ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गए। दरअसल एक जोरदार धमाके के साथ भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची, जहां दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार गोदाम में लगभग 6000 ट्रांसफार्मर रखे थे, जिसमें से करीब 1500 ट्रांसफार्मर जलकर राख हो गए। यातायात पुलिस ने तीन किलोमीटर के दायरे को खाली कराया है। साथ ही उस रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है। बीते तीन घंटे से आग लगी हुई है और लगातार बढ़ती जा रही है। इससे आसपास के घरों को खाली कराया जा रहा है। आग लगने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

**आग पर काबू पाने में जुटे दमकल कर्मी**


आग पर काबू पाने के लिए आसपास की दमकल की गाड़ियां बुलाई जा रही हैं और परिसर के चारों तरफ की दीवार तोड़कर दमकल की गाड़ियों को अंदर जाने का रास्ता बनाया जा रहा है। फिलहाल दमकल की 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं।

---

### डॉ. यादव ने बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में किया संबोधित

## मैं इस कुर्सी पर हूं तो यह आप सबका सम्मान है मुझे इस लायक समझा: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछली बार विधानसभा के चुनावों में मोदी के लिए हमारे एक नारे पर, सबने नारा लगाया, एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। इस नारे को स्वीकार करते हुए 163 से ज्यादा सीट मिली और प्रचंड बहुमत से सरकार बनी। अगर मैं इस कुर्सी पर हूं तो यह आप सबका सम्मान है कि आपने हमको इस लायक समझा। नेता को जितने वोट मिलते हैं वो एक-एक वोट आपके मान, सम्मान का प्रतीक होता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत को यह गौरव भी प्राप्त है कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। दूसरा गौरव, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है।

**पीएम मोदी ने कहा था न खाऊंगा, न खाने दूंगा**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही 2014 में लोकतंत्र के पावन मंदिर पर मस्तक टिकाकर प्रणाम करके कहा था, न खाऊंगा, न खाने दूंगा। विपक्षी कह रहे हैं हम मोदी से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लड़ने के लिए कोई एक तो प्रमाण लाओ। भाजपा और मोदी की लड़ाई नैतिकता की लड़ाई है, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई है। मोदी ने पहले दिन ही कहा था, मेरे शासनकाल में कोई बेईमान सड़क पर दिखाई नहीं देगा। दुनिया के लगभग सभी देशों के बड़े-बड़े नेता मोदी के साथ खड़े होने में गौरव महसूस करते हैं।

**केजरीवाल पर बोला हमला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमलावर होते हुए कहा कि कितनी नैतिकता की बात करते थे, दिल्ली वाले, दुनिया में उनसे बड़ा ईमानदार कोई था ही नहीं। शराबबंदी की बात करते थे, शराबबंदी कराएंगे, लोकपाल लाएंगे पर वह सब झूठ था। लोकपाल को लाने का मतलब भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ना लेकिन जिस दिन से लड़ाई प्रारंभ की उस दिन से एक के बाद एक सारे झूठ बोलते गए। मैं सुरक्षा नहीं लूंगा, मैं बड़े मकान में नहीं रहूंगा, और अपना चुनाव चिन्ह क्या बनाया...? वह झाड़ू भी झाड़ू रह गई और घर में एक पार्टी पर झाड़ू लगाकर ऐसे बैठे की इतने सारे वोटर का अपमान करते मैं जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।

**कांग्रेस ने हिन्दु मुसलमानों को लड़ाया, मंदिर में रोड़ा अटकाया**

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों ने हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने के लिए भगवान राम का मन्दिर नहीं बनने दिया। नित नए वकील खड़े करते रहे। कांग्रेस को आजादी के बाद यह कलंक मिटाना चाहिए था, लेकिन 70 साल तक वह लगातार अडंगे लगाते रहे। दुनिया में उदाहरण दिया कि हमारे यहां मुसलमानों की आबादी सबसे ज्यादा भले ही हों, लेकिन क्या हिंदू, क्या मुस्लिम आयोध्या में भगवान रामलला के लोकार्पण और शिलान्यास के समय कोई मतभेद नहीं हुआ। वह अरब जहां हमारे धर्म को अलग तरीके से देखा जाता था, लेकिन वहां भी भगवान राम के जय जयकार के नारे लगे और भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ।

### नर्मदापुरम पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चौहान, की मां नर्मदा की पूजा

## राहुल गांधी ने तो कांग्रेस को समाप्त करने की कसम खाई है: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को नर्मदापुरम पहुंचे और मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने होशंगाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। आजादी के बाद महात्मा गांधी जी ने कहा था कि, कांग्रेस का उद्देश्य पूरा हो गया है इसलिए कांग्रेस को समाप्त कर नए राजनीतिक दल का गठन करना चाहिए लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनकी बात नहीं मानी और कांग्रेस को भंग नहीं किया। उस वक्त नेहरू ने तो महात्मा गांधी की बात नहीं मानी, लेकिन राहुल गांधी ने कसम खा कर रखी है कि, वो कांग्रेस को समाप्त करके ही चैन की सांस लेंगे।

**राम भारत की पहचान हैं**



पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं, राम हमारे भगवान हैं और राम भारत की पहचान हैं। राम हमारी रोम-रोम में रमे हैं, राम हमारी सासों में बसे हैं, बिना राम के ये देश नहीं जाना जा सकता है। आज कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। अच्छे विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विनाशकाले विपरित बुद्धि इस कांग्रेस को अब कोई बचा नहीं सकता है। मोदी के नेतृत्व में समृद्ध, संपन्न और नए भारत का निर्माण हो रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी के नेतृत्व में ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

## चिंतन

# बाहरी हस्तक्षेप पर कड़ा जवाब देना बहुत जरूरी

भारत में अठारहवीं लोकसभा के चुनाव आगामी 19 अप्रैल से एक जून तक हो रहे हैं। यह चुनाव ने केवल दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा आयोजन है। इसका प्रबंधन खासा चुनौतीपूर्ण है। 1.4 अरब की आबादी में करीब सौ करोड़ लोग अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए उन प्रतिनिधियों का चयन करेंगे जिनके हाथों में अगले पांच सालों तक देश की बागडोर होगी। दुनिया में कहीं भी ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। अगर पूरी दुनिया के इतिहास को देखा जाए तो लोकतंत्र की अवधारणा छठी सदी ईसा पूर्व के एथेंस में देखी जा सकती है जहां पहली बार जनता के शासन का विचार सामने रखा गया। समय के साथ 'लोगों' की परिभाषा बदलती गई और इस दौरान यह अधिक समावेशी भी होती गई। भारत के लोकतंत्र में समय-समय पर बदलाव तो किए गए, लेकिन इसके मूल को जस का तस रखा गया। पूरी दुनिया जानती है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बिलकुल सही कहा है कि किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत में चुनाव कैसे होना चाहिए। मेरे साथ भारत के लोग हैं। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों, इसलिए इसके बारे में कोई चिंता न करें। विदेश मंत्री का यह कथन भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर यूएन की चिंता के जवाब में आया। दरअसल, 29 मार्च को यूएन जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। पूरी दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है, लेकिन केवल संविधान में उल्लिखित नियमों के अनुरूप ही शासन किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इस दिशा में पहला और अपरिहार्य कदम है। जनता और उसके कल्याण के प्रति जवाबदेह संवैधानिक रूप से सशक्त संस्थानों को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी राष्ट्रीय एजेंडे में प्राथमिकता है। यहां चुनाव में भेदभाव, दबाव या फिर घालमेल का कोई स्थान ही नहीं है। यूएन से पहले अमेरिका और जर्मनी भी ऐसे ही बयान देकर मुंह की खा चुके हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और जर्मन के दूतावास के अधिकारी को भी तलब किया गया था। दोनों देशों की प्रतिक्रिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आई थी। उन्हें यह अहसास होना चाहिए कि भारत में कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जिस किसी देश या संस्था, विशेषकर सहयोगी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि केवल चुनाव ही नहीं खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के मामले में भी कभी मानवाधिकार तो कभी धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में अमेरिकी एजेंसियों की तरफ से भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि भारत में क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर उनके संप्रभु नियंत्रण को पहचाना जाता, अन्य संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता और इसमें बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता। इसके साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की अवधारणा भारत के मूल में है। अब से पहले भी अनेक ऐसे अवसर आए जब अलग-अलग कारणों के चलते बाहरी हस्तक्षेप से भारत या फिर हमारे लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, लेकिन हमने न केवल उसका मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि पूरी दुनिया को बता दिया कि देश के अंदरूनी मामलों में यह देश किसी प्रकार के दबाव या फिर हस्तक्षेप को सहन न तो करता है और न ही करेगा। अब भारत ने तुरंत और कड़ा जवाब देकर बिलकुल सही कदम उठाया है। विश्व बिरादरी को भी समझ लेना चाहिए कि भारत के लाभ और हानि में क्या है, उसे वो बेहतर ढंग से समझता है।

## उपलब्धि

डॉ. सौरभ मालवीय



# महिला सशक्तिकरण पर फोकस

लोकसभा चुनाव सिर पर है। इस बार भी चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगी, इसलिए भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर चुनाव प्रचार कर रही है। भाजपा को पूर्ण आशा है कि उसे महिलाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। इसके अनेक कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस वर्ष के शासन काल में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए, अपितु उनके मान-सम्मान को भी विशेष महत्व दिया। वे दावे से कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण-ये मोदी की गारंटी है। उनका कहना है कि मोदी ने बहन-बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण की गारंटी दी थी। वह पूर्ण हो चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी दी थी। ये गारंटी भी मोदी ने पूरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम प्रमुख है। सितम्बर 2023 पारित यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इसके पारित होने से महिलाओं की लम्बित मांग पूर्ण हुई है। इसी प्रकार मुस्लिम महिलाओं के हित में भी निर्णय लेते हुए उन्हें तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलवाई। इन सब निर्णयों के कारण ही महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा सरकार के प्रयास से आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। मोदी सरकार महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए युद्धस्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार देश में विगत नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। मोदी सरकार महिलाओं के हित की प्रत्येक छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रख रही है। महिलाओं का स्वप्न होता है कि उनका भी अपना निजी मकान हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार निर्धन लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करवा रही है। इतना ही नहीं मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तीव्र गति से कार्य कर रही है। महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार अर्जित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो महिलाएं सिलाई का कार्य जानती हैं तथा उनके पास सिलाई मशीन क्रय करने के लिए धन नहीं हैं उन्हें निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं। आत्मनिर्भरता के कारण उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उनके जीवन यापन की शैली में परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि भारत की नारी शक्ति, विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। जनधन योजना के अंतर्गत करोड़ों बहनों के बैंक खाते खोले हैं। इन दस वर्षों में देश में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की संख्या दस करोड़ को पार कर गई है। देश में दस वर्षों में बहनों के इन समूहों को स्वरोजगार के लिए आठ लाख करोड़ रुपये की सहायता बैंकों से दिलवाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा था कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी- शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। इस बार यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि महिलाएं उन्हें कितना समर्थन देती हैं। उनका कहना है कि उन्हें उन निर्णयों पर गर्व है जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि उनका तीसरा कार्यकाल भी विकास एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर है, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्थापना दिवस

प्रभात झा

# भाजपा ने देश को दिलाई नई पहचान

अमित शाह भाजपा ने संगठन का कार्य संभालते ही अपने अखंड प्रवास और अनेकानेक कार्यों और कार्यक्रमों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा को खड़ा कर विश्व में भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। भाजपा के गठन से दो दिन पूर्व एक बैठक में सवा सौ से अधिक नेताओं ने कहा था कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। ये भाजपा के नेताओं का समर्पण और संगठन है और इसी के बल पर पार्टी इस स्तर पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भाजपा ने भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

चार अप्रैल 1980 की बात है। जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर, मोहन धारिया एवं मधु लिमये जनता पार्टी के जनसंघ घटक से बार-बार कह रहे थे कि आपकी दोहरी सदस्यता नहीं चलेगी। आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपनी सदस्यता खत्म करनी होगी। तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी लगातार समझाते रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। संघ में कोई सदस्यता नहीं होती, संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश की संस्कृति, भारतीय परंपरा, राष्ट्रवाद एवं सनातन धर्म के लिए काम करता है। बावजूद इसके जनता पार्टी के अन्य घटक दलों ने नहीं मानी, जबकि सच्चाई यह थी कि आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनीतिक दल था जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का नाम और चुनाव चिह्न दीपक भी मिटा दिया। अटलजी और आडवाणीजी की बात जनता पार्टी नेताओं ने यहां तक कि मोरारजी भाई देसाई जो उस समय प्रधानमंत्री थे, नहीं सुनी। अटल और आडवाणी ने तत्कालीन पूर्व संगठन मंत्री सुंदर सिंह भंडारी से आग्रह किया कि 4 अप्रैल 1980 को सभी प्रांतों और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक बुलाई जाए।

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और ग्वालियर के तत्कालीन सांसद नारायण कृष्ण शेजवलकर भी उस बैठक में गए। मैं समाचारपत्र में था और देश में जनसंघ का पहला अपना निजी कार्यालय जो ग्वालियर में बना था, उसमें रहता था। मैं भी शेजवलकर के साथ बैठक में बतौर पत्रकार चला गया। बैठक प्रारंभ हुई। पहले आडवाणीजी ने जनता पार्टी से उत्पन्न सभी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि दोहरी सदस्यता के नाम जनता पार्टी के अन्य घटक हमें संघ के 'स्वयं सेवक' नहीं रहने और उनके कार्यक्रमों के साथ-साथ संघ की सदस्यता छोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने और अटलजी ने जनता पार्टी के नेताओं को बहुत समझाने की कोशिश की और कहा कि संघ में सदस्यता नहीं होती है संघ से हमारा वैचारिक संबंध है, लेकिन जनता पार्टी नेताओं और अन्य घटकों को यह बात समझ में नहीं आई। वहां उपस्थित सर्वश्री जगन्नाथ राव जोशी, भैरो सिंह शेखावत, सुंदर सिंह भंडारी, केदारनाथ साहनी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, विजय कुमार मल्होत्रा, कुशाभाऊ ठाकरे, जे.पी. माथुर, कैलाशपति मिश्र, उत्तम राव पाटिल, विष्णुकांत शास्त्री, ओ. राजगोपाल, यज्ञदत्त शर्मा, मदनलाल खुराना, अश्विनी कुमार, केशुभाई पटेल, यदुरप्पा जी सहित देश के सौ सवा सौ से अधिक नेताओं ने एक साथ कहा कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। अंत में सभी की भावना सुनकर अटलजी भाव विभोर हो गए और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और सदैव रहेंगे, लेकिन अब जनता पार्टी के सदस्य नहीं रहेंगे। सभी नेताओं ने एक स्वर से कहा कि हमने जनसंघ राजनीतिक दल जनता पार्टी में मिलाया था, पर जनसंघ के कार्यकर्ता तो आज भी गांव-गांव में हैं। जनसंघ के



कार्यकर्ताओं और संघ के सहयोग के कारण ही जनता पार्टी को देश में इतनी सीटें सन 1977 में आपातकाल खत्म होने के बाद मिली। बैठक में एक समिति सुंदर सिंह भंडारी की अध्यक्षता में बनाई गई और इस समिति को नया दल, नया चुनाव चिह्न और नया संविधान बनाने का कार्य सौंपा गया।

6 अप्रैल 1980 को पुनः देशभर के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई और नए दल भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। चुनाव चिह्न कमल का फूल घोषित किया गया और दल का संविधान बनाने का कार्य शुरू हुआ। भाजपा बन गई। इसका पहला अधिवेशन मुंबई के माहिम क्षेत्र में आयोजित किया गया। सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने एक स्वर में जनसंघ के तीन बार अध्यक्ष रहे अटल बिहारी वाजपेयी को लाखों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। उसी शाम अपने अध्यक्षीय भाषण में अटलजी ने कहा 'अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।' सन 84 में चुनाव हुए। चुनाव के बीच में ही इंदिराजी की हत्या हो गई। भाजपा को देश में सिर्फ दो ही सीटें मिली। एक गुजरात के मेहसाणा से अशोक पटेल और दूसरा आंध्र प्रदेश से जंगा रेड्डी चुनाव जीते। यहां तक कि अटलजी ग्वालियर से 84 के चुनाव में माधवराव सिंधिया से हार गए। अटलजी उठे, कहा कि हम चुनाव हारे हैं लड़ाई नहीं। हम दुगुनी ताकत से पूरे देश में कमल खिलाएंगे। धीरे-धीरे हर लोकसभा चुनाव में भाजपा की संख्या बढ़ती गई। सन 1989 में 85 सीटें और सन 1991 में भाजपा को 120 सीटें मिलीं। एक स्थिति यह आई कि सन 1996 के चुनाव में भाजपा को 182 सीटों पर जीत मिली। सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने अटलजी को प्रधानमंत्री की शपथ के लिए बुलाया। अटलजी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली, लेकिन वह सरकार मात्र 13 दिन तक चलीद्व फिर चुनाव हुए, पुनः भाजपा को सहयोगियों के साथ यानी उस समय के एनडीए के साथ अच्छी सीटें मिली। अटलजी पुनः 13 महीने के लिए प्रधानमंत्री बने। सन 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार सभी सहयोगी दलों के सहयोग से बनी और अटलजी तीसरी बार पांच साल तक प्रधानमंत्री बने रहे। फिर सन 2004 में लोकसभा चुनाव में भाजपा पराजित हुई और यूपीए की सरकार बनी। उसके बाद यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री राजनेता कम नौकरशाह रहे डॉ. मनमोहन सिंह बने। यह सरकार दस साल चली। इन दस सालों में यूपीए सरकार घोटालों में डूब गई। पूरे देश में यूपीए से देश के करोड़ों लोग निराश हो चुके थे, लेकिन इतिहास करवट लेता है। गुजरात में बारह वर्ष सरकार चलाने वाले नरेंद्र मोदी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने उन्हें भाजपा की ओर से भावी प्रधानमंत्री बनाने की दलीय घोषणा की। उनका नाम आते ही देश में एक नए राजनीतिक युग का संचार हुआ। नई आशाएं जगी उम्मीदों की नई किरणें दिखने लगी। नरेंद्र मोदी ने भारत का प्रवास कर पूरे देश का विश्वास जीता और तीस वर्ष बाद किसी एक पार्टी (भाजपा) की बहुमत की सरकार बनी। कुल सीटें भाजपा की 282 एवं एनडीए की 336 आई। अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। संगठन का कार्य संभालते ही अमित भाई ने भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। सन 2024 का यह पहला लोकसभा चुनाव है जहां देश की करोड़ों जनता कह रही है कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और मोदीजी प्रधानमंत्री। देश ने चुनाव से पहले ही जनस्वरों में परिणाम दे दिया है कि अपनी 45वीं वर्षगांठ पर भाजपा तीसरी बार आएगी, कमल खिलेगा।

मोदीजी ने जनसंघ के जमाने में घोषणा पत्र में जो बातें आज तक कही जा रही थी, उसे साकार करने की दिशा में एक पल भी नहीं गंवाया। आज विश्व उनका लोहा मान रहा है। 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद आगामी 5 वर्ष और 2047 तक भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर ले जाने का आत्मविश्वास दिखाया है। यह बात देशवासियों के मन में इस कदर बैठ गई है कि देश कह रहा है कि 'अबकी बार फिर मोदी सरकार'।

(लेखक पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है



संकलित

दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## ऋषभदेव जयंती



प्रयागराज के झूंसी में शुक्रवार को ऋषभदेव जयंती महोत्सव के अवसर पर जैन भिक्षु और श्रद्धालु भगवान ऋषभदेव का अभिषेक करते हुए।

## आज की पाती

### चुनाव के निकट महंगाई कम करने का अर्थ क्या है

केंद्र सरकार ने हाल ही में रसोई गैस की कीमतों में दो सौ रुपए तक की कमी की है। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर के दामों में भी कुछ कमी की गई है। विश्लेषक इसे चुनाव की दृष्टि से देख रहे हैं, तभी तो सरकार ने जैसे ही चुनाव निकट आए, गैस के दामों में कमी कर दी। आखिर सरकार को आभास हो गया कि अगर चुनाव जीतना है, तो दाम तो कम करने ही होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार पहले बार-बार दाम बढ़ा देती है, और फिर जनता के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए थोड़े से दाम घटा देती है। मुझे लगता है कि जनता सब कुछ समझती है, वह सरकार की चाल में आने वाली नहीं है।

- प्रियंका खरे, दुर्ग

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का वंदन

राजस्थान समेत पूरे देश के मेरे परिवारजन तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रदेश की जनता 70% से अधिक वोट के साथ सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाकर मोदी जी के 400 पार के संकल्प को साकार करेगी। जनता-जनार्दन का वंदन और अभिनंदन।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री



### क्रिकेट में निवेश

मुझे क्रिकेट पसंद है, यह कोई रहस्य नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि हम अधिक युवाओं को खेल में आने के लिए समर्थन दे सकते हैं। हम 900,000 से अधिक युवाओं को क्रिकेट खेलने में मदद के लिए 35 मिलियन पाउंड का निवेश कर रहे हैं।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम



### न्याय-पत्र देश की आवाज़

कांग्रेस का 'न्याय-पत्र' देश की आवाज़ है! ये भारत की आकांक्षाओं का दस्तावेज़ है, जिसे जनता ने बनाया और हमने लिखा। दो ऐतिहासिक यात्राओं के माध्यम से हमने लोगों की ज़रूरतों को करीब से समझ कर 5 न्याय और 25 गारंटियों वाला एक ज़मीनी घोषणा पत्र तैयार किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### एक्स कॉर्प पता लगाएगा

बॉट्स और ट्रॉल्स का सिस्टम शुद्धिकरण चल रहा है। कृपया एक्स इंजी मुझे उत्तर दें। यदि वैध खाते निलंबित कर दिए गए हैं। एक्स कॉर्प जिम्मेदार लोगों का पता लगाएगा और उन पर कानून की पूरी ताकत लगाएगा।


-एलोन मस्क, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# टेक्सास में हिंदू मंदिर के खिलाफ मामला दायर

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने एक हिंदू मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में एक धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर एक वाद के अनुसार, लड़के को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा विरूपित हो गई थी। मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं। चेरुवु ने यहां कहा, 'मैं हैरान रह गया। मुझे नहीं पता था कि उससे कैसे निपटूं। मेरी प्राथमिक चिंता मेरे बेटे की भलाई है।' उन्होंने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर दागकर दो जगहों पर भगवान विष्णु की आकृति बनायी गई थी।



## ऑफ बीट

# क्या एलियन सचमुच हैं और ब्रह्मांड में छिपे हुए हैं ?

क्या एलियन सचमुच हैं, क्या उन्होंने कभी पृथ्वी से संपर्क किया है ? इस बारे में कोई निश्चित कारण या प्रमाण नहीं हैं। इसकी चर्चा भले ही होती है लेकिन इस बारे में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी को यह अजीब लगा। उन्होंने 1950 के दशक में एक फार्मूला पेश किया जिसे अब 'द फर्मी पैराडॉक्स' कहा जाता है। यह अब भी पराग्रही जीवन (सेटी) की खोज और अंतरिक्ष में सिग्नल से संदेश भेजने (मेटी) के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और जीवन कम से कम 3.5 अरब वर्ष पुराना है। ब्रह्मांड को देखते हुए जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां कई बार घटित होने की संभावना है। तो हर कोई कहां है? यह मुद्दा नेटफ्लिक्स के '3 बॉडी प्रॉब्लम' के पहले एपिसोड में एक किरदार को उलझाता है। ये वेन्जी नामक इस किरदार को एक रेडियो वेधशाला में काम करते हुए, एक एलियन से एक संदेश मिलता है। संदेश प्रेषक खुद को शांतिवादी बताते हुए जवाब न देने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर पृथ्वी पर हमले की चेतावनी भी देता है। या तो आगे की कहानी जानने के लिए श्रृंखला के दूसरे सीज़न तक इंतजार करना होगा।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।








चूरू में पीएम मोदी की हुंकार, पूरा राजस्थान कह रहा- फिर एक बार मोदी सरकार

# राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती, हालात बदलने का निश्चय कर लिया, मेरे लिए मेरा भारत ही मेरा परिवार

राजस्थान में पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। चूरू व झुंझुनूं की 17 विधानसभाओं के लोग पहुंचे। राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती है। ये वीर बेटों को जन्म देने वाली वीर-वीरांगना माताओं की पवित्र भूमि है। राजस्थान जो ठान लेता है, वह पत्थर की लकीर बन जाता है।

## पूरी दुनिया हैरान है भारत इतनी तेजी विकास कर रहा

पीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है? दुनिया को पता नहीं है कि भारत की इस मिट्टी की बात ही कुछ और है। हम जो ठान लेते हैं, वो पूरा करके दिखाते हैं। पिछले 10 साल में आपने देश को बदलते देखा है।



एजेंसी ⏩ चूरू

राजस्थान के चूरू में शुक्रवार को भाजपा के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में चूरू व झुंझुनूं की 17 विधानसभाओं के लोग पहुंचे। इस मंच पर उन्होंने कहा कि मैंने तय किया कि हालात बदलने ही होंगे। मेरे लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है।

पीएम ने कहा, राजस्थान पराक्रम और परिश्रम की धरती है। ये वीर बेटों को जन्म देने वाली वीर-वीरांगना माताओं की पवित्र भूमि है। इसीलिए राजस्थान जो ठान लेता है, वह पत्थर की लकीर बन जाता है। यही जज्बा मैं अपने सामने देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का किसान, मेरे राजस्थान का नौजवान और आप सब माताएं-बहनें, इतनी बड़ी संख्या में दूर-दूर से हमें अपना आशीर्वाद देने आए हैं। पूरा राजस्थान कह रहा -फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि चूरू में दिल्ली से नरेंद्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगने आया है और जब नरेंद्र, देवेंद्र के लिए आशीर्वाद मांगता है, तो आप लोग छप्पर फाड़ कर आशीर्वाद देते हैं। पीएम मोदी भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझड़िया को सपोर्ट करने चूरू में प्रचार किया।

### जो काम हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है...

उन्होंने कहा कि 2014 में आपने गरीब के इस बेटे को अपनी सेवा का मौका दिया। हताशा, निराशा ये मोदी के पास भी नहीं फटक सकती। पीएम मोदी ने अपनी सरकार की योजनाओं की उपलब्धि गिनाते हुए कहा, जो काम अब तक हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है। बहुत सारे सपने हैं, हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

## आयोग के आदेश पर नेता प्रतिपक्ष महंत के खिलाफ एफआईआर



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ स्पीच देना नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को भारी पड़ गया। लाठी से पीएम का सिर फोड़ने की तलाश वाले भाषण को भारत निर्वाचन आयोग ने गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को एफआईआर के आदेश जारी किए है। इधर प्रशासनिक अफसरों ने देर शाम कोतवाली थाने पहुंचे । पुलिस ने महंत के खिलाफ धारा 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामांकन रैली में महंत ने कहा था कि उन्हें ऐसे व्यक्ति की तलाश है, जो पीएम के सिर पर लाठी मार सके। बढ़ते विरोध और आक्रोश पर दूसरे दिन ही सफाई दी थी।

जयशंकर ने केरल में गिनाईं भाजपा की उपलब्धियां

## पासपोर्ट सेवा, खाड़ी देशों से अच्छे रिश्ते...



अटिंगल क्षेत्र से सियासी धुरंधरों के ताल ठोंकने से मुकाबला त्रिकोणीयहो गया है। यहां पर भाजपा की ओर से केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन को चुनावी मैदान में हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए यहां पहुंचे। जयशंकर ने कहा मुरलीधरन और मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत करीब से काम किया है। वे बहुत ही जन-केंद्रित व्यक्ति हैं। पासपोर्ट सेवाओं में सुधार लाने का सीधा श्रेय उनको जाता है।

## महागठबंधन में शामिल हुए सहनी



बिहार में विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी महागठबंधन में शामिल हो गए। सहनी और आरजेडी के बीच सीटों की डील भी फाइनल होने की खबर है।

उधर, शिवपाल की मतदाताओं को धमकी

## वोट दो, नहीं तो बाद में हिसाब-किताब होगा



**बदायूं।** यूपी के बदायूं से सपा उम्मीदवार शिवपाल यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हम सब का वोट मांगेंगे। वीडियो में यह भी कह रहे हैं कि जो वोट नहीं देगा, तो फिर हिसाब किताब भी होगा। वीडियो 15 मार्च का है।

## संतों का लिया आशीर्वाद, भाजपा के समर्थन में उमड़े लोग

हरिद्वार में नड्डा का रोड शो




**देहरादून।** उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरिद्वार में रोड शो करने पहुंचे। यहां वह पार्टी प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगा। कई कार्यक्रम जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा सबसे पहले माया देवी मंदिर पहुंचे। न्होंने पूजा-अर्चना की और संतों से आशीर्वाद लिया।

### ऋषिकुल में संपन्न

संतों के साथ बैठक भी की। आर्य नगर चौक से रोड शो शुरू हुआ। रोड शो चंद्राचार्य चौक, पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए ऋषिकुल मैदान में संपन्न हुआ। ऋषिकुल मैदान में बूथ के कार्यकर्ताओं को त्रिशक्ति सम्मेलन में संबोधित किया। रोड शो के दौरान बैंकट हॉल, वेद मंदिर, खन्ना नगर, प्रेमनगर आश्रम, चंद्राचार्य चौक, गोविंदपुरी कालोनी के मुख्यद्वार के सामने, पुराने रानीपुर मोड़ आदि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## टिकट कटने के बाद नड्डा से मिले अतुल प्रधान



**मेरठ।** यूपी की मेरठ सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। भाजपा ने इस सीट के लिए 'रामायण' सीरियल से ख्याति पाने वाले अरुण गोविल को टिकट दिया है तो वहीं सपा इस सीट पर तीन बार अपना प्रत्याशी बदल चुकी है। सपा ने मेरठ लोकसभा सीट के लिए पहले भानु प्रताप का टिकट कंफर्म किया था। इसके बाद फिर अतुल प्रधान को टिकट दे दिया गया। अब सपा ने अतुल प्रधान का भी टिकट काट दिया और अब सुनीता वर्मा को मेरठ से प्रत्याशी बनाया गया है। अतुल प्रधान इस संबंध में नड्डा से मुलाकात की।

हेमंत की भाभी ने परिवार के खिलाफ खोला मोर्चा

## जेएमएम का अब कोई भविष्य नहीं, सभी दलाल



**दुमका।** झामुमो से भाजपा में शामिल होने के बाद बतौर लोकसभा प्रत्याशी गुरुवार को पहली बार दुमका पहुंची सीता सोरेन ने झामुमो पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो में अब कोई भविष्य नहीं है। झामुमो के कार्यकर्ता हमारे संपर्क में हैं। सीता ने कहा कि झामुमो के मंत्री और नेता सब दलाल हो गए हैं। जेब गर्म करने में लगे हैं। इन्हें झारखंड के विकास से कोई मतलब नहीं है। झारखंड सरकार पूरी तरह फेल्योर है। राज्य में भ्रष्टाचार हावी है। जमीन की लूट मची है। खनिज व कोयला की तस्करी कर झारखंड को खोखला किया जा रहा है।

मतदान बढ़ाने के लिए ईसीआई की बैठक



## बूथ-वार कार्य योजना तैयार की जाए

भारतीय चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने देश भर के कई जिलों के नगर निगम आयुक्तों और जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ यह बैठक की। आयोग ने बूथवार कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा से ऑफर पर आतिशी को नोटिस



**नई दिल्ली।** भाजपा से ऑफर मिलने वाले बयान पर चुनाव आयोग ने आप नेता आतिशी को नोटिस दिया है। आयोग के अनुसार उन्हें भाजपा की तरफ से चार अप्रैल को शिकायत मिली है। इस शिकायत में कहा गया है कि आतिशी ने भाजपा को लेकर गलत बयान दिया है। आतिशी ने बयान दिया था जिसमें उन्होंने भाजपा से ऑफिर मिलने की बात कही थी।

### शराब घोटाले में कविता से सीबीआई करेगी पूछताछ



**नई दिल्ली।** अदालत ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई को बीआरएस नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस एमएलसी के कविता न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कविता को ईडी ने 15 मार्च को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। 8 को जमानत पर फैसला आएगा।

### धार्मिक स्थल से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की मौत



**बठिंडा।** कोटकपूरा के मोगा रोड पर स्थित गांव पंजगराई खुर्द के पास शुक्रवार सुबह करीब 2 बजे टाटा एस और घोड़ा ट्राले की भीषण टक्कर में दो महिलाओं समेत 5लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 बच्चों समेत 8लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें कोटकपूरा, बठिंडा व फरीदकोट के अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है। सभी श्री मुक्तसर साहिब के गांव मराड कलां के हैं।

शिक्षा मंत्री ने जान-बूझकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया

राज्यपाल आनंद बोस का दावा

# बंगाल के विश्वविद्यालय बने मिनी संदेशखाली इनके दुरुपयोग की न्यायिक जांच के आदेश

एजेंसी ⏩ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु पर निशाना साधने बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के परिसरों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और हिंसा के मामलों को देखते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं। राज्यपाल ने दावा किया है कि राज्य में कई विश्वविद्यालय परिसर मिनी संदेशखाली बन गए हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालयों में होने वाली कथित हिंसा, भ्रष्टाचार और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए विश्वविद्यालयों के दुरुपयोग की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। सीवी आनंद बोस राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों के चांसलर भी हैं। बोस का कहना था कि शिक्षा मंत्री ने हाल ही में गौर बंगा विश्वविद्यालय में राजनेताओं के साथ बैठक की। इस तरह शिक्षा मंत्री ने जान-बूझकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार से ब्रत्य बसु को मंत्रिमंडल से हटाने के लिए कहा था।



### जांच कमेटी गठित हो, बर्खास्त करें

राज्यपाल का कहना है कि इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने महसूस किया है कि राज्य के कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं। खास बात यह है कि राज्यपाल ने एक दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को कैबिनेट से हटाया जाए।

### ममता और राज्यपाल के बीच फिर तकरार



*पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बेनर्जी और राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बीच खींचतान सामने आई है। इस बार राज्यपाल ने बंगाल सरकार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल ने 30 मार्च को उत्तर बंगाल के गौर बंगा विश्वविद्यालय में हुए तृणमूल कांग्रेस के एक सम्मेलन में बसु की मौजूदगी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन बताया है। वहीं इस निर्देश पर मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि यह उतना ही हास्यास्पद है जितना कि मैं राष्ट्रपति को राज्यपाल को हटाने की सिफारिश करूं। बसु ने कहा कि राज्यपाल बोस ने न केवल अपने असली रंग दिखाए हैं, बल्कि उन्हें हटाने के लिए कहकर अपनी संवैधानिक सीमा को भी पार कर लिया है। मंत्री को हटाने का संवैधानिक अधिकार राज्य के मुख्यमंत्री को है, न कि राज्यपाल को।*

### बसु पर लगाए थे संबंध खराब करने के आरोप



राजभवन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की गई। जिसमें लिखा गया कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने राज्यपाल को उन्मादी और अल्जाइमर से पीड़ित बताया। पोस्ट में लिखा गया था कि बसु के आरोप राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के बीच संबंध खराब करने की कोशिश है। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल पर राज्य विश्वविद्यालयों के कामकाज के संबंध में असंगत कदम उठाने का भी आरोप लगाया था।

यूपी मदरसा के 17 लाख छात्रों को राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है।

हाई कोर्ट का मानना है ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है, गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करे। 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं। ये लगभग 125 साल पुराना है, 1908 से मदरसा रजिस्टर हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने प्रावधानों को नहीं समझा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। सुपीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर केंद्र, यूपी सरकार, यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड को नोटिस जारी किया। 31 मई तक जवाब दखिल करने को कहा है।

श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद

## मंदिर पक्ष की बहस पर अगली सुनवाई 18 अप्रैल को मुकर्रर

एजेंसी ⏩ इलाहाबाद

हाईकोर्ट में एक बार फिर मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले को लेकर बहस हुई। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष की ओर से बहस जारी है।

कोर्ट ने समयाभाव को देखते हुए सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की है।भगवान श्री कृष्ण विराजमान एट कटरा केसर देव की ओर से दाखिल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ कर रही है। इसके पहले मस्जिद पक्ष की ओर से मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल वादों की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए गए। कहा गया कि



सभी वाद प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ एक्ट सहित विभिन्न कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत बाधित है। लिहाजा, सभी वादों को खारिज किया जाए। मस्जिद पक्ष की ओर से तसलीमा अहमदी ने बहस की। मंदिर पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से वादों की पोषणीयता पर उठाए जा रहे सवाल बेबुनियाद है।

रामनवमी पर दुनियाभर के हिंदुओं को जोड़ेगी विहिप

# 30 देशों में एक लाख जगहों पर मनेगा रामोत्सव

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

इस वर्ष रामनवमी पर पूरे विश्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामोत्सव कार्यक्रम के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में रामनवमी के दिन भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अब तक भारत समेत दुनिया के 30 देशों के लगभग एक लाख मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। इन कार्यक्रमों में हिंदू समुदाय के करोड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विहिप रामोत्सव के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आयोजन 9 अप्रैल को शुरू होगा और 15 दिन तक चलेगा

### हनुमान जयंती पर होगा समापन



रामोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत नववर्ष प्रतिपदा यानी नौ अप्रैल 2024 के दिन से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक चलती रहेगी। 24 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन इन कार्यक्रमों का समापन होगा। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, राम की आरती, सुंदरकांड का पाठ, रामधुन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मस्थली और राम मंदिर होने के कारण अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सबसे प्रमुख कहा जा सकता है। अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सजीव दिखाने की भी कोशिश की जाएगी।

### देश में 70 हजार स्थानों पर होगा कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि रामनवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संगठन की इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के कारण इसे और भव्य बनाने का निर्णय लिया गया है। अकेले भारत में ही 70 हजार से अधिक स्थानों पर रामोत्सव होगा। कार्यक्रम के जरिए देश के हर धर्म-संप्रदाय और वर्गों को जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

### केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल ने की बैठक

बंसल ने कहा कि इनके माध्यम से हम देश के मतदाताओं से भी अपील करेंगे कि वे आगामी चुनावों में ऐसे राजनीतिक दल को वोट दें, जो राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सनातन धर्म के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। विहिप की केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की अयोध्या में हुई बैठक (25-27 फरवरी) में इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए थे।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2690 करोड़ के फ्लैट बेचे


**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने मुंबई स्थित अपनी नई आवासीय परियोजना में 2,690 करोड़ रुपये के फ्लैट बेच दिए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इसने मुंबई के कांदिवली स्थित अपनी 'गोदरेज रिजर्व' परियोजना में लगभग 2,690 करोड़ रुपये के फ्लैट बेचे हैं।

### तीर्थ गोपीकॉन का आईपीओ आठ अप्रैल को खुलेगा



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग निर्माण और विकास कंपनी तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड ने शुक्रवार को अपने आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) के लिए कीमत 111 रुपये प्रति शेयर तय की। कंपनी का आईपीओ आठ अप्रैल को खुलेगा। अहमदाबाद स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि उसकी एसएमई सार्वजनिक निर्गम के जरिये 44.40 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है।

### इंडोसोल सोलर का मॉड्यूल 2025 तक होगा पूरा



**नई दिल्ली।** इंडोसोल सोलर का लक्ष्य आंध्र प्रदेश में अपनी एकीकृत सौर मॉड्यूल परियोजना के पहले चरण को 2025 तक पूरा करना है। इंडोसोल सोलर आंध्र में रामायपट्टनम बंदरगाह के पास नेल्लोर में आगामी संयंत्र में पांच गीगावॉट इंगोट और पांच गीगावॉट ग्लास क्षमता स्थापित करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

# सिर्फ 19 साल की लड़की बन गई दुनिया की सबसे युवा बिलेनियर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फोर्ब्स ने हाल ही में विश्व के सबसे अमीर लोगो की लिस्ट जारी की है। इसमें कुल 2781 लोगों को जगह मिली है। इस लिस्ट में एक 19 वर्ष की लड़की ने भी जगह बनाई है। फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक केवल 19 साल की ब्राजीलियाई छात्रा लिविया वोइगट को विश्व की सबसे यंग बिलेनियर युवती होने का खिताब मिला है।


- पहले यह खिताब इटली की क्लेमेंटे डेल वेक्चिओ के पास था

इससे पहले यह खिताब इटली की 19 वर्ष की लड़की क्लेमेंटे डेल वेक्चिओ के पास था। वह लिविया वोइगट से केवल दो महीने बड़ी है। दुनिया की सबसे युवा बिलेनियर का खिताब जीतने वाली लिविया वोइगट एक बिजनेस परिवार से संबंध रखती हैं। उनके परिवार की कंपनी है जो बाजील की शीर्ष मोटर निर्माता कंपनियों में से एक है।

## फोर्ब्स की सूची में ब्राजील की छात्रा लिविया वोइगट को मिला यह खिताब

### सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला

फोर्ब्स द्वारा जारी की गई बिलेनियर्स की लिस्ट में करीब 200 भारतीयों ने अपनी जगह बनाई है। मुकेश अंबानी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में उभरे हैं, वहीं जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई है। उनकी नेट वर्थ 35.5 बिलियन डॉलर है।



### लिविया की कुल नेटवर्थ 1.1 बिलियन डॉलर

डब्ल्यूईजी नाम की इस मोटर कंपनी में लिविया वोइगट का सबसे बड़ा व्यक्तिगत हिस्सा है। इस कंपनी की शुरुआत लिविया वोइगट के दादा वार्नर रिकार्डो वोइगट ने की थी। फोर्ब्स के मुताबिक लिविया वोइगट की कुल नेट वर्थ 1.1 बिलियन डॉलर के आसपास है।

### नितिन कामथ भारत के सबसे युवा अरबपति

जेरोधा के फाउंडर नितिन कामथ और निखिल कामथ का नाम भारत के सबसे युवा अरबपतियों की लिस्ट में टॉप पर है। इसके अलावा दिग्गज ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट सचिन और बिन्नी बंसल को भी भारत के सबसे युवा अरबपति का खिताब मिला है।

## घर खरीदने का निर्णय कर पाना होगा आसान

# नीतिगत दर स्थिर रहने से नहीं बढ़ेगी कर्ज की लागत, रियल्टी क्षेत्र को मिलेगी गति: उद्योग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के फैसले से कर्ज की लागत स्थिर रहेगी और घर खरीदने के बारे में निर्णय कर पाना आसान होगा।

हालांकि रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी लाने के लिए आगामी समीक्षा बैठक में रेपो दर में कटौती की मांग भी रखी गई है। खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर को लगातार सातवीं बार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

### उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा : नारेडको

रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष निकाय 'नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल' (नारेडको) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा, रेपो दर यथावत रखने का निर्णय देश की आर्थिक बुनियाद में भरोसे को दर्शाता है। इससे नए वित्त वर्ष में उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा।



- रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी लाने कटौती की मांग रखी गई थी
- नए वित्त वर्ष में उत्साहजनक परिवेश तैयार होगा
- रियल एस्टेट क्षेत्र को मिलेगी बड़ी मजबूती

### मकान खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर

सीबीआरई चेयरमैन एवं सीईओ (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा, 'आरबीआई का यह सतत रुख मुद्रास्फीति के दबाव के बीच मूल्य स्थिरता के प्रबंधन पर जोर देता है। यह मकान खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि उधार लेने की लागत नहीं बढ़ेगी और मकान खरीदना अधिक आसान होगा।'

### फैसला फायदेमंद है

काउंटी ग्रुप के निदेशक अमित मोदी ने कहा, "यह फैसला निश्चित रूप से रियल एस्टेट जगत के लिए फायदेमंद है। आरबीआई का यह निर्णय निवेशकों और मकान खरीदारों दोनों के लिए अच्छा साबित होगा।"

### मासिक किस्त पर असर नहीं पड़ेगा

कोलियर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक एवं शोध प्रमुख विमल नादर ने कहा, 'रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए यह निर्णय निरंतरता और भरोसे की भावना प्रदान करता है। यह भविष्य के निवेश तथा विकास पहलों को ठोस आधार भी देगा। इसके अलावा यह मासिक किस्त पर निर्भर खरीदारों की मकान खरीदने की इच्छा को भी बल देगा।'

### विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, 'स्थिर रेपो दर घर खरीदारों को विश्वसनीयता और आत्मविश्वास प्रदान करेगी। निःसंदेह इस स्थिरता का रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास पर सकारात्मक प्रभाव होगा।'

### मुद्रास्फीति के आंकड़े अभी भी चिंताजनक

इससे रियल एस्टेट बाजार और इससे जुड़े क्षेत्रों को मजबूती मिलती है।" क्रेडाई-एनसीआर के अध्यक्ष एवं रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, 'रेपो दर को लगातार सातवीं बार स्थिर रखने का निर्णय रियल एस्टेट जगत के लिए अच्छा संकेत है। हालांकि मुद्रास्फीति के आंकड़े अब भी चिंता का विषय हैं। हमें उम्मीद है कि इस कदम से भारत को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।'

*निरंतर वृद्धि के लिए अच्छा संकेत*

*वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान भी रियल एस्टेट क्षेत्र में निरंतर वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। हम आरबीआई से आगामी समीक्षा बैठक में नीतिगत दर पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। बेहतर नकदी के साथ कम ब्याज दर कंपनियों और घर खरीदारों को समान रूप से प्रोत्साहित करती हैं।*

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया: नई एसयूवी से 'अपना रास्ता बनाएं'



**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुनः प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग, अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई- सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है।

### जेयूआईटी सोलन, हिमाचल प्रदेश टेक्नोवेशन इवेंट में अपने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि का गर्व से जश्न मनाता है



**मोहाली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जेयूआईटी पंजाब के एमिटी यूनिवर्सिटी मोहाली में हाल ही में आयोजित टेक्नोवेशन कार्यक्रम में अपने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धि का गर्व से जश्न मनाती है। जेयूआईटी टीम ने तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में अपनी असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित उपविजेता स्थान हासिल किया। ऋषभ गुप्ता, अनमोल नैयर और राघव शर्मा के कुशल नेतृत्व में, टीम ने **SAGROBOT** तकनीक पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी अत्याधुनिक परियोजना प्रस्तुत की। अपशिष्ट पृथक्करण के प्रति उनके अभिनव दृष्टिकोण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें कार्यक्रम में शीर्ष दावेदारों में से एक बना दिया। टीम की सफलता का श्रेय मार्गदर्शकों डॉ. अमन शर्मा और डॉ. दीक्षा हुडा द्वारा दिए गए अमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन को जाता है। उनके मार्गदर्शन ने टीम की रणनीति को आकार देने और उनकी सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. शिवली ढींगरा, डॉ. रजनी मोहना और डॉ. अंशिका भारद्वाज जैसे प्रतिष्ठित पेशेवरों द्वारा टीम को दी गई मान्यता, साथ ही टाइम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मिली सराहना, उनकी उपलब्धि के महत्व को रेखांकित करती है। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि को उजागर करता है बल्कि अपने छात्रों के बीच नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए जेयूआईटी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### सोने में 150 रुपये की गिरावट चांदी 700 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों गिरने से बृहस्पतिवार को सोना राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 150 रुपये की गिरावट के साथ 69,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 81,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 'विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 69,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 150 रुपये कम है।'

**एप्पल 600 से ज्यादा लोगों की करेगी छटनी (वाशिंगटन)।** प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल अमेरिका के कैलिफोर्निया में 600 से ज्यादा लोगों को नौकरी से निकालेगी। कंपनी कोविड-19 महामारी के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। क्षेत्रीय अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन निर्माता ने 28 मार्च को कई कार्यालयों में 614 कर्मचारियों को सूचित किया कि वे अपनी नौकरी खो रहे हैं। ये आदेश 27 मई से प्रभावी होगा।

### स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला समर्थन, सेंसेक्स नए शिखर पर

**मुंबई।** नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा जबकि निफ्टी में मामूली गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक बढ़कर 74,248.22 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,361.11 का नया उच्चस्तर भी छुआ। निफ्टी 0.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर बंद हुआ। दरअसल भारतीय बाजार नीतिगत रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से एक सीमित दायरे में रहे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हालांकि आरबीआई की नीतिगत बैठक उम्मीद के अनुरूप ही रही लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर चिंता और लू की चेतावनी ने कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।'

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला:** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर:** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ:** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 102/2023–2024 दिनांक 16.03.2024 क्रमांक 02
[1] निविदा क्रमांक. 19232383B नियत तारीख 10.04.2024 को देय उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि पहले से आगे की गई है 10.04.2024 से 06.05.2024 तक। अन्य सभी नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1016/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04230016A | आयल सर्वो गियर एच पी–90 | 34855 लीटर | 30.04.2024 |
| 02 | 09243001 | सिंथटिक इनेमल, इंटीरिसर, फिनिशिंग,मिडिल बफ | 19907 लीटर | 15.05.2024 |
| 03 | 14240924 | सिलिकोन रबर कमपाउंड | 12901 नग | 15.05.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। टेडंर नोटिस सं:– 02.2024–2025 दिनांक: 05.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1017/24

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 30.04.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/ट्रांजिट कैंप ट्रांजिट कैंप के कार्य क्षेत्र में विश्राम गृह, अधिकारियों के कक्षों का नवीनीकरण और शौचालय का नवीनीकरण, टूटे हुए दरवाजे, खिड़कियां, फर्श टाइल्स, एससीआई स्टैक का प्रतिस्थापन, ट्रैक मशीन भवन में विश्राम गृह की पुरानी साज–सज्जा हेतु। | 9999989.73 रूपये | 200000.00 रूपये | 08 महीने |

1. निविदा दिनांक 30.04.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। पत्र सं0 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/24–25/डब्लयू–ई/टेंडर नं. 01 दिनांक– 05.04.2024 1019/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गुमशुदा/अपहृत की तलाश




कशिश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** कशिश **पुत्री :** दया शंकर, **निवासी** मकान नं. 1107बी, एल–1st, गली नं. 25, अस्थल मंदिर, संगम विहार, नई दिल्ली जो दिनांक 20.03.2024 से थाना नेंब सराय, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 173/2014 दिनांक 21.03.2024 धारा 363 भा.द.स. थाना नेब सराय, नई दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है :–

**उम्रः** 15 साल, **कदः** 5'2", **रंगः** साफ, **शरीर :** मध्यम, **चेहरा :** गोल, **कपड़ेः** सफेद रंग की टी–शर्ट व काले रंग का लोवर और पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे मे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें,
ई–मेल – cic@cbi.gov.in, वेबसाइटः http://cbi.nic.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
थानाध्यक्ष
थाना नेब सराय, नई दिल्ली
दक्षिणी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-23473512, 7065569305, 8851913508
DP/3475/SD/2024

## शब्द पहेली - 5473



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र- 3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली- 5472 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5484

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5483 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▸▸ जयपुर

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला।



**राजस्थान रॉयल्स**

संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**

डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### रॉयल्स के ओपनर फेल

रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

### राजस्थान का पलड़ा भारी

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिए हैं। अल्जारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप





### प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लाग्नो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में फबियानो कारुआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा।

### आर्चर की चोटें चिंता का विषय : ब्रॉड

**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई आल राउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की। ब्रॉड ने कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं।



### सेंथिल कुमार ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेई को 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।



### अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ में जारी अंतर्कलह ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया जब इसकी कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों को मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने का नोटिस जारी किया। यह नोटिस कार्यकारी परिषद के सदस्यों की बैठक के बाद आईओए कार्यालय पर लगाया गया। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा और कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों की छह जनवरी को सीईओ पद पर रघुराम अय्यर की नियुक्ति के बाद से ठनी हुई है। अय्यर पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के सीईओ रह चुके हैं।

## मार्करम की फिफ्टी, अभिषेक ने 12 बॉल पर 37 रन बनाए

# सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद एडेन मार्कराम के अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 12 गेंद में 37 रन की विस्फोटक पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद(एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को छह विकेट से हराया। चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट पर 165 रन पर रोकने के बाद सनराइजर्स ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर चार मैचों में दूसरी जीत दर्ज की। मार्कराम ने ट्रेविस हेड (24 गेंद में 31 रन) के साथ दूसरे विकेट लिए 42 गेंद में 60 रन की साझेदारी की। इससे पहले हेड और अभिषेक ने महज 17 गेंद में 46 रन की साझेदारी कर टीम को बेहद तेज शुरुआत दिलायी। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने इस दौरान दूसरे ओवर में मुकेश चौधरी के खिलाफ तीन छक्के और दो चौके लगाकर 27 रन बटोरे। सीएसके के लिए मोईन अली ने दो जबकि दीपक चाहर और महीश तीक्षणा ने एक-एक विकेट लिये। इससे पहले शिवम दुबे (45 रन) की ताबड़तोड़ पारी के बाद भी चेन्नई की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। दुबे ने 24 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के लगाये लेकिन टीम के अन्य बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। हैदराबाद के तेज गेंदबाजों ने धीमी गेंदों का शानदार इस्तेमाल कर सीएसके की रनगति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंद 35 जबकि रविंद्र जडेजा ने 23 गेंद में नाबाद 31 रन बनाये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 26 रन का योगदान दिया। हैदराबाद के लिए टी नटराजन, भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस, शाहबाज अहमद और जयदेव उनादकट ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए चाहर की दूसरी गेंद पर ही स्लिप में मोईन ने हेड का आसान कैच टपका दिया। इस बल्लेबाज ने ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर इसका जश्न मनाया। सत्र का पहला मैच खेल रहे मुकेश के खिलाफ अभिषेक ने 27 रन बटोर को चेन्नई को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने इसके बाद चाहर के खिलाफ भी छक्का और चौका जड़ा लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जडेजा को कैच थमा बैठे।

क्रीज पर आये मार्कराम ने तीक्षणा के खिलाफ दो चौके लगाये जबकि हेड ने छठे ओवर में तुषार देशपांडे के खिलाफ दो चौके लगाये जिससे पावरप्ले में टीम ने एक विकेट पर 78 रन बना लिये। मार्कराम ने नौवें ओवर में जडेजा पर छक्का और दो रन लेकर टीम के रनों का शतक पूरा किया। तीक्षणा ने अगले ओवर में हेड को आउट कर मार्कराम के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 60 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा।



**चेन्नई-165/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रविंद्र का मार्कराम बो भुवनेश्वर | 12 |
| गायकवाड़ का समद बो शाहबाज | 26 |
| रहाणे का मार्कंडेय बो उनादकट | 35 |
| दुबे का भुवनेश्वर बो कमिंस | 45 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 31 |
| मिचेल का समद बो नटराजन | 13 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 02
कुल योग : (20 ओवर में पांच विकेट पर) 165 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-54, 3-119, 4-127, 5-160
गेंदबाजी: अभिषेक 1-0-7-0, भुवनेश्वर 4-0-28-1, नटराजन 4-0-39-1, कमिंस 4-0-29-1, मार्कंडेय 2-0-21-0, शाहबाज 1-0-11-1, उनादकट 4-0-29-1

**हैदराबाद-166/4 (18.1)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का रविंद्र बो तीक्षणा | 31 |
| अभिषेक का जडेजा बो चाहर | 37 |
| एडेन मार्कराम पगबाधा मोईन | 50 |
| शाहबाज अहमद पगबाधा मोईन | 18 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 10 |
| नीतिश रेड्डी नाबाद | 14 |

अतिरिक्त: 06
कुल योगदान: (18.1 ओवर में चार विकेट पर) 166 रन
विकेट पतन:1-46, 2-106, 3-132, 4-141
गेंदबाजी: चाहर 3.1-0-32-1, मुकेश 1-0-27-0, तीक्षणा 4-0-27-1, देशपांडे 2-0-20-0, जडेजा 4-0-30-0, मोईन 3-0-23-2, रचिन 1-0-3-0

**खास खबर**

## बालाजी-बेजेमैन खिताब से दो कदम दूर



*ह्यूस्टन। भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।*

## पेरिस ओलंपिक से पहले आस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम



**पर्थ।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है। हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके आस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।' भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट के पहले सेफा में भिड़ेंगी मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू और संबलपुर यूनिवर्सिटी

- **शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला जाएगा दूसरा सेफा**



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/झुंझुनूं

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) टूर्नामेंट में सात दिन तक चले लीग मुकाबलों के बाद अपने-अपने पूल में टॉप पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं और संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर के बीच खेला जाएगा।अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर के नीचे श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप लीग मुकाबलों से नॉक आउट दौर में प्रवेश कर गई है। पूल ए में मेजबानी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। पूल बी में अन्य यूनिवर्सिटी चेन्नई, संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने अपने-अपने लीग के दो-दो मैच जीत कर बराबर अंक अर्जित किए एवं रन रेट के मामले में संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर ने बाकी दोनों यूनिवर्सिटीज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूल सी में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने अपने तीनों ही लीग मैच जीत कर पूल में पहला स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि पूल डी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर ने दो मैच जीतकर एवं एक मैच में वॉकओवर हासिल करते हुए पूल में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण ने बताया कि पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के मध्य खेला जाएगा।

## पंड्या ने भोले के दरबार में टेका मत्था





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में तीन मैच में मुंबई इंडियंस को करारी हार झेलनी पड़ी है। मुश्किल दौर से गुजर रहे कप्तान हार्दिक पंड्या शुक्रवार को गुजरात को सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्हें भगवान शिव की पूजा की। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और टीम की जीत की दुआ मांगी।

## एनआरएआई ने चयन मानदंड का दिया हवाला

# ओलंपिक निशानेबाजी ट्रायल में छूट संभव नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियाई खेलों के पदक विजेताओं सहित देश के कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ से पेरिस ओलंपिक चयन ट्रायल के मानदंडों में छूट देने का अनुरोध किया है ताकि वे भी इसमें भाग ले सकें। एनआरएआई के चयन मानदंड के अनुसार, निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग और ओलंपिक खेलों की क्वालिफिकेशन रैंकिंग अंकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में केवल पांच निशानेबाज ही ट्रायल के लिए उपस्थित होने के पात्र हैं।

पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पिस्टल और राइफल दल का चयन करने के लिए दिल्ली और भोपाल में चार ट्रायल निर्धारित हैं। ट्रायल के विजेता पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का करेंगे। पहले दो ओलंपिक चयन ट्रायल 18 से 27 अप्रैल तक यहां कर्णी सिंह रेंज में आयोजित किए जाएंगे जबकि शेष दो 10 से 19 मई तक भोपाल में आयोजित किए जाएंगे। अब ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जहां देश के लिए पेरिस कोटा स्थान अर्जित करने वाले 19 निशानेबाजों में से कुछ शीर्ष लय में नहीं है वहीं दूसरी ओर अन्य निशानेबाजों ने हाल के दिनों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा कुछ निशानेबाज ऐसे भी हैं जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बेहद मामूली अंतर से शीर्ष पांच में जगह बनाने से चूक गए।



### पांच निशानेबाजों के मिले पत्र

एनआरएआई सचिव राजीव भाटिया ने शुक्रवार को बताया कि पांच निशानेबाजों ने आगामी ट्रायल में अपना नाम शामिल करने के लिए महासंघ को लिखा था। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तक मानदंड में कोई बदलाव नहीं किया है। हम पहले से तय प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। हां, हमें पांच निशानेबाजों से पत्र मिले हैं जिसमें उन्होंने ट्रायल में अपना नाम शामिल करने का अनुरोध किया है, लेकिन हम मानदंड नहीं बदल रहे हैं। इस संबंध में कोई बैठक नहीं हुई है।' पिछले साल 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली एक महिला निशानेबाज की राष्ट्रीय रैंकिंग 16 पहुंच गई है, लेकिन उसे ट्रायल में भाग लेने का मौका दिया गया है।

# कोहली पर आईपीएल में भारी दबाव : स्मिथ

एजेंसी ▸▸ मुंबई



आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिए।

कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिए चार मैचों में 67.66 की औसत से 203 रन बनाए हैं जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक का बस 90 रन बना सके हैं। कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद आरसीबी ने चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंकतालिका में 7वें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला खामोश ही रहा है। स्टार स्पोर्ट्स की कमेंट्री टीम के सदस्य स्मिथ ने चैनल के स्टूडियो पर कहा, 'दूसरे प्रमुख बल्लेबाजों को उसका साथ देना चाहिए। ऐसा करने पर वे टीम को जीत की राह पर ला सकते हैं। इस समय सारा दबाव विराट पर ही है।'




# बढ़ते कदमः भारत-चीन सीमा पर जल्द दौड़ेगी रेल, 92 प्रतिशत काम पूरा

- चीन की सीमा तक भारत बना रहा 4 रेलवे स्टेशन, निर्माण जारी
- बंगाल से दो घंटे में पहुंच जाएंगे सिक्किम , आसान होगा सफर
- न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड तकनीकी का इस्तेमाल
- चीन के दरवाजे पर दस्तक देगी भारतीय रेल, बेधड़क दौड़ेगी ट्रेन
- स्थानीय लोगों को मिलेगा वैकल्पिक रास्ता, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- सीमा पर तैनात जवानों तक आसानी से पहुंचेगा सामान
- चीन से सटे सीमावर्ती इलाकों जैसे नथुला तक पहुंच होगी आसान
- यह रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण और बड़े प्रोजेक्टों में से एक
- यात्रियों की सुरक्षा और आराम की हर सुविधा का रखा गया ख्याल








**बॉर्डर पर पहला भूमिगत रेलवे स्टेशन होगा तिस्ता**

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

अब वह दिन दूर नहीं जब भारत-चीन सीमा पर भी भारतीय रेल दौड़ेगी। पूर्वोत्तर को देश की राजधानी से जोड़ने के लिए भारतीय रेलवे सेवक (पश्चिम बंगाल)- रंगपो (सिक्किम) रंगपो प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

इसके बनते ही सिक्किम भी देश की राजधानी से जुड़ जाएगा। अब तक प्रोजेक्ट का काम 92 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

### मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली

पूर्वोत्तर सीमा रेलले के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया कि कलिम्पोंग जिला स्थित सेवक-रंगपो रेल परियोजना (एसआरआरपी) की टनल संख्या टी-7 ने कुछ दिन पहले ही ब्रेक थ्रू हासिल किया। खासियत यह है कि भारतीय रेलवे नेटवर्क के अधीन पहला भूमिगत रेलवे स्टेशन तीस्ता बाजार स्टेशन इसी टनल में है। मुख्य टनल 3082 मीटर तक फैली हुई है, इसके साथ एक पहुंच टनल भी है। गुफा 650 मीटर तक फैली हुई है, इसके डिजाइन के हिस्से के रूप में एक सिंगल प्लेटफॉर्म है। 800 मीटर पहुंच वाले कुल अडिट लंबाई के साथ इस व्यापक गुफा में 6 क्रॉस पैसेज का एक नेटवर्क शामिल है।

### परियोजना पर एक नजर

- कुल लंबाई : 44 .98 किलोमीटर (सिक्किम : 3 .43 किमी, बंगाल : 41.6 किमी)
- आवंटित रुपए : कुल 4086 करोड़
- टनल और लंबाई : 14 (लंबा टनल 5 .27 किमी) : 38 .68 किमी (86%)
- कुल ब्रिज : 17
- ब्रिज की लंबाई :2 .24 किमी (5%) : 375 मीटर
- स्टेशन : सिवोक, रियांग, तिस्ता (भूमिगत), मेली और रंगपो काम पूरा होने का समय : दिसंबर, 2024

### तेजी से चल रहा काम

सेवक (पश्चिम बंगाल) और रंगपो (सिक्किम) को जोड़ने वाली यह सेवक-रंगपो नई रेल लिंक परियोजना लगभग 45 किमी लंबी है। इसमें 14 टनल, 17 पुल और 5 स्टेशन शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग (टी-10) की लंबाई 5.3 किमी और सबसे लंबा पुल (ब्रिज-17) की लंबाई 425 मीटर है। पूरी परियोजना संरेखण का लगभग 38.64 किमी टनल से गुजर रहा है। 92.31% टनलिंग कार्य पूरा हो चुका है।

### अब तक 11 किलोमीटर की लाइनिंग पूरी

वर्तमान में टनल टी-14, टी-09 और टी-02 में अंतिम लाइनिंग पूरी हो चुकी है और टनल टी-03, टी-05, टी-06, टी-07, टी-08, टी-10, टी-11 और टी-12 का कार्य प्रगति पर है। अब तक कुल 11.96 किलोमीटर लाइनिंग पूरी हो चुकी है। सभी सेक्शनों में दिन-रात कार्य चल रहा है।

---

### चुनाव को लेकर यूएन की टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की दो टूक

# वैश्विक निकाय को चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भारत में स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव हों

**यूएन की टिप्पणी:** भारत के लोकसभा चुनावों में हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सकेगा

संयुक्त राष्ट्र द्वारा विगत दिनों कहा गया था कि उसे उम्मीद है कि भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान कर सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की इस टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि किसी भी वैश्विक संस्था को इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में होने वाले आम चुनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ओर से की गई टिप्पणी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी वैश्विक निकाय को यह चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भारत में निष्पक्ष चुनाव हो।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था कि उम्मीद है कि भारत में होने वाले चुनाव में अन्य देशों की तरह ही राजनीतिक और नागरिक अधिकार सुरक्षित रहेंगे, जिससे हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो। जयशंकर ने कहा कि भारत के लोग ही यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव निष्पक्ष हो।

*भारत का जवाबः मेरे पास भारत के लोग हैं, भारत के लोग ही यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हो*

*भारतीय विदेश मंत्रालय का अमेरिका को जवाब: भारतीय न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित है*



### अमेरिका ने भी की थी टिप्पणी

केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने भी दो बार टिप्पणी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा है कि अमेरिका अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया का बढ़ावा देता है। अमेरिका की इस टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं जो ऑब्जेक्टिव और समय पर फैसलों के लिए प्रतिबद्ध है।

#### जर्मनी के डिप्लोमैट को भी किया था तलब

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित सभी मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। निर्दोष होने के अनुमान कानून के शासन का एक प्रमुख तत्व है और वो इस केस में भी लागू होना चाहिए।

#### भारतीय चुनावों पर बात करने वाला संयुक्त राष्ट्र कौन होताः राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत में संसदीय चुनावों पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा टिप्पणी करने पर पलटवार किया। रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बात करने वाला संयुक्त राष्ट्र कौन होता है? क्या इससे पहले भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं होते थे? क्या 2019 के चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे? और 2014 के बारे में क्या? दरअसल, मैं कहता हूं कि 2014 से पहले भी भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते थे। यह मुद्दा कहां से आया? राजनाथ सिंह ने पूछा कि अगर विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी अवैध है तो उन्हें अदालतों से राहत क्यों नहीं मिल रही है?

---

### 3 राज्यों में 18 जगह रेड, 10 लाख रुपए का इनाम घोषित

# रामेश्वर कैफे ब्लास्ट के मुख्य व सह-आरोपी की पहचानः एनआईए

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में मुख्य और सह-आरोपी की पहचान हो गई है। मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। उनकी तलाश में कर्नाटक, तमिलनाडु और यूपी के 18 ठिकानों पर छापेमारी की गई। दोनों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित है। एनआईए इस मामले में सबूत और जानकारी इकट्ठा करने के लिए फरार और गिरफ्तार आरोपी व्यक्तियों के कॉलेज और स्कूल के दोस्तों से पूछताछ कर रही है।

#### मुजम्मिल शरीफ ने पहुंचाया था ब्लास्ट से जुड़ा सामान

एनआईए ने 26 मार्च को चिकमंगलुरु के रहने वाले मुजम्मिल शरीफ को गिरफ्तार किया था। मुजम्मिल ने मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा को ब्लास्ट से जुड़ा सामान मुहैया कराया था। मुजम्मिल को पकड़ने के लिए एनआईए ने 3 राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। तलाशी के दौरान कुछ कैश के साथ कई डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए थे। इससे पहले जांच एजेंसी ने 23 मार्च को दो संदिग्धों की पहचान की थी।







इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया — सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

Punjab — बलविंद्र कुमार, 45 वर्ष, मार्केटिंग की जॉब करते हैं। पिछले कुछ समय से कमर दर्द की समस्या से बहुत परेशान थे। चलने–फिरने में भी बहुत दिक्कत हो रही थी। एक दिन उनके मित्र ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पूरी जानकारी देकर, इस्तेमाल करने को कहा। 3 महीने के यूज़ के बाद आज वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

Maharashtra — दशरथ अमरावती, 61 वर्ष, ने हमें बताया कि वह काफी समय से पैरों के दर्द से काफी दुःखी थे। रोजमर्रा के कामों में भी बहुत परेशानी हो रही थी। एक दिन उन्होंने अख़बार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और उनके मित्र ने भी डा. ऑर्थो के बारे में बताया। डा. ऑर्थो के रेगूलर कोर्स से अब वह बिल्कुल ठीक हैं।

Rajasthan — कबीरा राम, 57 वर्ष, मैं एक टैक्सी ड्राईवर हूं। काफी समय से गाड़ी चलाने पर मेरे घुटनों में बहुत ज्यादा असहनीय दर्द रहता था। फिर एक दिन मैंने अख़बार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। निर्देशानुसार मैंने इसका इस्तेमाल करना शुरू किया और आज 2 साल हो गए हैं। अब मैं पूरी तरह से ठीक हूं। धन्यवाद डा. ऑर्थो।

Bihar — खलील अहमद, 48 वर्ष, बताते हैं कि वह एक व्यापारी हैं और बहुत समय से दोनों घुटनों के दर्द से बहुत परेशान थे। फिर एक दिन उन्होंने टी.वी. पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा। सिर्फ लगातार 2 महीने के इस्तेमाल से ही घुटनों के दर्द की समस्या बहुत कम हो गई है। वह दूसरों को भी आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं।

Maharashtra — माधवी देवरूखकर, 59 वर्ष, ने हमें बताया कि वह अपने जोड़ों के दर्द की वज़ह से बहुत तकलीफ में थी। दिनचर्या के कामों में भी बहुत दिक्कत होती थी। फिर एक दिन इन्हें आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे पता चला। निर्देशानुसार लगातार इस्तेमाल से उनके जोड़ों के दर्द की समस्या काफी दूर हो गई है। डा. ऑर्थो का रिज़ल्ट बहुत अच्छा है।

Uttar Pradesh — मुकेश कुमार, 44 वर्ष, बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों से उनके जोड़ों में बहुत ज्यादा दर्द होता था। दवाइयां भी बहुत खाई पर कोई आराम नहीं मिला। एक दिन उनके एक परिचित ने आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल यूज़ करने की सलाह दी। सिर्फ 6 महीने के नियमित इस्तेमाल से उनके जोड़ों के दर्द में बहुत आराम मिला। आज वह एकदम तंदरूस्त है।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores

नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॅक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।

---

### खनन क्षेत्र में हुआ रिकॉर्ड उत्पादन

# भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, चूना पत्थर भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा चूना पत्थर उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

वित्त वर्ष 2024 में खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए लौह अयस्क का उत्पादन 230 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रहा था, जो वित्त वर्ष 24 की समान अवधि के दौरान 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 252 एमएमटी हो गया है। संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा।



#### रिकार्ड तोड़ने की ओर अग्रसर

संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। इसी तरह का रुझान दिखाते हुए, वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए चूना पत्थर का उत्पादन 366 एमएमटी से बढ़कर वित्त वर्ष 24 की इसी अवधि के लिए 11.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 407 एमएमटी हो गया है और पहले ही वित्त वर्ष 23 में हासिल किये गए 406.5 एमएमटी के पूरे साल के उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर चुका है।

---

### भारतीय तटरक्षक बल ने दिखाई मानवता

# रात के अंधेरे में बचाए 27 बांग्लादेशी मछुआरे




एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय तट रक्षक बलों ने समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और उन्हें बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तट रक्षक बल ने नांव को ठीक करने की कोशिश की, जब नाव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

तट रक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम्रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। यह ऑपरेशन सभी बाधाओं के बावजूद समुद्र में बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा के प्रति भारतीय तटरक्षक बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### समुद्र में नाव का गियर हो गया था खराब

त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तट रक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव (बीएफबी) सागर II को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल-मछुआरे सवार थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109